हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




प्रधानमंत्री, गृहमंत्री से लेकर सभी केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की लगाई गुहार

### छत्तीसगढ़ में भी दो दर्जन डीलर

छत्तीसगढ़ में भी कंपनी के करीब दो दर्जन डीलर हैं। एक डीलर आयुष खेमुका भी गुरुग्राम में हैं। उन्होंने बताया, छत्तीसगढ़ के डीलर्स भी अपने पैसे लेने के लिए गुरुग्राम पहुंचे हैं। फेडरेशन के साथ मिलकर हम भी आंदोलन में शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में भी कंपनी के हजारों वाहन बिके हैं। कई वाहन यहां भी सामान न मिलने के कारण खराब पड़े हैं।

## छत्तीसगढ़ समेत देशभर के डीलर्स ने हीरो ईवी के खिलाफ खोला मोर्चा

# 500 करोड़ बकाया लेने धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

देशभर के छह सौ से ज्यादा डीलर्स ने दोपहिया ई-वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। करीब 500 करोड़ का बकाया दो साल से न देने की बात कहते हुए दो सौ से ज्यादा डीलर कंपनी के गुरुग्राम के दफ्तर पहुंच गए और अपने पैसों की मांग कर रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के भी डीलर शामिल हैं। डीलर्स ने अपने वर्ल्ड फेडरेशन जेईवी और वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ▶▶|शेष पेज 4 पर



### दो माह में भी पैसे देने तैयार नहीं

श्री बंसल ने बताया, हम लोग बीते दो दिनों से गुरुग्राम में हैं। हम लोगों ने पैसों के लिए कंपनी प्रमुख नवीन मुंजाल से बात की है। हम लोगों ने अपना पैसा मांगा। बातचीत में हमने कहा, हमें अभी आधे पैसे ही दे दें, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। इसके बाद 25 फीसदी पैसों की मांग की गई, उसके लिए भी तैयार नहीं हुए। हमने एक माह में पैसे देने की बात की, इसके बाद दो माह का समय भी दिया, लेकिन वे तैयार नहीं हो रहे हैं। इससे साफ है कि उनकी नीयत हमारे पैसे देने की नहीं है। ऐसे में हम लोगों ने अपने पैसों की वापसी के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मदद की मांग की है।




# सुप्रीम टिप्पणी- बिना ट्रायल किसी को सजा नहीं दी जा सकती, जमानत नियम और जेल एक अपवाद

## शराब केस में सिसोदिया को सशर्त जमानत, 17 माह बाद जेल से आए बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सिसोदिया को कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सिसौदिया को 10 लाख रुपये का मुचलका भरना होगा। पासपोर्ट सरेंडर करना होगा और हर सोमवार व गुरुवार को थाने में हाजिरी लगानी होगी। बता दें कि शराब नीति मामले में सिसोदिया बीते 17 महीने से जेल में बंद थे। उन पर दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं।

देर शाम रिहाई ऑर्डर मिलने के बाद सिसोदिया को जेल से रिहा कर दिया गया है। सिसोदिया को लेने जेल गेट तक बड़ी संख्या में आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे थे। मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथ की पीठ ने 6 अगस्त ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

- हाईकोर्ट व ट्रायल कोर्ट खेल रहे सेफ गेम
- निचले कोर्ट में सांप-सीढ़ी के खेल जैसा
- जुलाई में हुई जांच तो अभी तक ट्रायल क्यों नहीं हुआ
- सजा के तौर पर जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता
- अदालतें समझें जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद
- बिना ट्रायल किसी को जेल में नहीं रख सकते

### इन शर्तों पर मिली जमानत

- 10 लाख रुपये का मुचलका भरना होगा
- पासपोर्ट सरेंडर करना होगा
- सोमवार-गुरुवार को थाने में हाजिरी देंगे
- गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे
- सीएम ऑफिस में कर सकेंगे प्रवेश

### हाईकोर्ट व ट्रायल कोर्ट सेफ गेम खेल रहे : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा, जमानत के मामले में हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट सेफ गेम खेल रहे हैं। सजा के तौर पर जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता। अब समय आ गया है कि अदालतें समझें कि जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद है। बिना ट्रायल पूरा किए किसी को जेल में रखकर सजा नहीं दी जा सकती है। दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

#### सिसोदिया ने कोर्ट में दिया था ये तर्क

सिसोदिया के वकील की तरफ से तर्क देते हुए कहा गया है कि वह 16 महीने से जेल में हैं, लेकिन केस अभी तक आगे नहीं बढ़ पाया है। सिसोदिया ने 21 मई को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

#### 17 महीने का हिसाब कौन देगाः संजय

आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने कहा ये आप और दिल्ली के लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत है। सिंह ने कहा कि जो 17 महीने सिसोदिया के बर्बाद हुए, उसका हिसाब क्या देश के प्रधानमंत्री देंगे? जो 17 महीने दिल्ली के बच्चों के बर्बाद हुए, उसका हिसाब कौन देगा?

#### जमानत का अर्थ दोषमुक्ति नहींः भाजपा

वीरेंद्र सचदेवा (दिल्ली भाजपा अध्यक्ष): जमानत मिलने का मतलब यह नहीं है कि कोई दोषी नहीं है। शराब नीति घोटाला मामले की जांच अभी भी जारी है। वह अभी भी एक आरोपी हैं। सिसोदिया हों या केजरीवाल, सभी को दोषी ठहराया जाएगा क्योंकि इन्होंने बड़ा घोटाला किया है।

### खबर संक्षेप

#### अमन ने कुश्ती में भारत को दिलाया कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में पहलवान अमन सहरावत ने कांस्य पदक जीत लिया है। उन्होंने प्यूर्टो रिको के डेरियन टोई क्रूज को 57 किलोग्राम भारवर्ग में 13-5 से हरा दिया। इस ओलंपिक में कुश्ती में भारत ने यह पहला पदक अपने नाम किया है। यह भारत का इस ओलंपिक में पांचवां कांस्य और कुल छठा पदक है। ज्ञात हो कि नीरज चोपड़ा सिल्वर मेडल हासिल कर चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

## स्वाइन फ्लू की दस्तक, 2 की मौत, 4 अपोलो में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

राज्य में स्वानइ फ्लू की दस्तक के साथ दो मरीजों की मौत की भी सूचना है। बिलासपुर इलाके में स्वाइन फ्लू के मरीज देखे जा रहे हैं। वहां शुक्रवार को अपोलो में इलाज के दौरान दो महिला मरीजों की मौत हो गई, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि शहर के कुदुदंड और हर्ष फोनेनिक्स अपार्टमेंट, बाजपई कैसल, वसंत चौक के 4 मरीजों को अपोलो में भर्ती कराया गया है, सभी की हालत नाजुक है, जिनका इलाज किया जा रहा है। डायरिया और मलेरिया के बाद जिला अब स्वाइन फ्लू की गिरफ्त में आ चुका है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

परिवार के सदस्यों का लिया गया सैंपल




#### शहर में मिले हैं चार मरीज

जिन दो महिलाओं की मौत स्वाइन फ्लू के कारण हुई है, वे जिले के बाहर की हैं और उनका इलाज अपोलो हास्पिटल में किया जा रहा था। शहर में भी 4 मरीज मिले हैं, इसमें एक का इलाज रायपुर में किया जा रहा है और बाकी 3 अपोलो में भर्ती है। डाक्टर और स्वास्थ्य विभाग लगातार मरीजों की देखरेख कर रहा है।

- **डॉ प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग








## सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई कॉलेज में हिजाब-नकाब पहनने पर लगी रोक हटाई

*सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई में 2 कॉलेज में हिजाब पर लगे प्रतिबंध को लेकर फैसला सुनाया। कोर्ट ने मुंबई के प्राइवेट कॉलेज में हिजाब, नकाब, स्टोल, कैप पहनने पर लगी रोक हटा दी है। हालांकि, कॉलेज में बुर्का पहनने को लेकर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने साथ ही इस मामले में नोटिस भी जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर के बाद होगी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणी की और पूछा कि क्या आप लड़कियों के बिंदी या तिलक लगाने पर प्रतिबंध लगाएंगे? दरअसल, मुंबई के एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज ने छात्राओं के हिजाब, बुर्का पहनने पर प्रतिबंध लगाया दिया है। इसके खिलाफ 9 लड़कियों ने पहले बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया था, लेकिन हाई कोर्ट ने इस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

# क्या आप लड़कियों के बिंदी या तिलक लगाने पर प्रतिबंध लगाएंगे?

## शीर्ष कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए दिया नोटिस, हालांकि बुर्का पर जारी रहेगा बैन

### कोर्ट ने पूछा बैन के पीछे का तर्क

इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कॉलेज में हिजाब पर बैन लगाने के फैसले के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया और कहा कि छात्रों को जो पहनना है उन्हें पहनने की इजाजत होनी चाहिए। जस्टिस संजय कुमार ने कहा, "आप महिलाओं को यह बताकर कैसे सशक्त बना रहे हैं कि उन्हें क्या पहनना चाहिए? कॉलेज ने तर्क दिया कि उन्होंने हिजाब बैन करने का फैसला इसीलिए किया था जिससे छात्रा का धर्म किसी को पता न चले, जिस पर जवाब देते हुए कोर्ट ने कहा छात्रा का धर्म लोगों को उन के नाम से पता चल जाता है, कोर्ट ने कहा ऐसे नियम न बनाए।



### कोर्ट ने कहा 'सबको साथ पढ़ने दें'

याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि छात्रों को हिजाब पहनने की वजह से क्लास में हर चीज में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है और उन्हें अटेंडेंस भी नहीं दी जा रही है। जिसके जवाब में, कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने वाली वरिष्ठ वकील माधवी दीवान ने कहा कि कॉलेज में मुस्लिम समुदाय की 441 छात्राएं हैं और केवल तीन हिजाब पहनना चाहती हैं। कोर्ट ने तमाम दलीलों पर कहा सभी लड़कियों को चाहे वो हिजाब पहने या न पहने उन्हें साथ पढ़ने दें।

### ... क्लास में नहीं बैठा जा सकता

साथ ही कोर्ट ने आदेश जारी किया कि बुर्का पहनने पर बैन लगा रहेगा, कोर्ट ने कहा कि बुर्का पहन कर क्लास में नहीं बैठा जा सकता है। मुंबई शहर के एक कॉलेज ने हिजाब पहनने पर बैन लगा दिया था. याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि यह नियम उनके धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकारों, निजता के अधिकार और पसंद के अधिकार का उल्लंघन करता है। साथ ही याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि कॉलेज की कार्रवाई मनमानी, अनुचित, और कानून के अनुसार गलत है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, गृहमंत्री शाह ने बनाई हाईलेवल कमेटी

### यह कमेटी बांग्लादेशी अफसरों से सुरक्षा सुनिश्चित करने कहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश में जारी हिंसा में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसके चलते भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति है। ऐसे में सीमा पर निगरानी रखने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी जानकारी खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी है। इस समिति की अध्यक्षता एडीजी, सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान करेंगे।

केंद्र सरकार द्वारा गठित कमेटी के सदस्य बांग्लादेश में अपने समकक्ष के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगी, जिससे वहां रहने वाले हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बांग्लादेश में जारी हालात के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूद हालात पर नजर रखने के लिए एक समिति गठित गई है। यह समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संवाद बनाए रखेगी, जिससे वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### हिंदू मंदिरों व घरों में लूटपाट

बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों में घुसकर उपद्रवियों द्वारा लूटपाट की जा रही है। इतना ही नहीं, कई हिंदुओं की मौत की खबर भी आई। उपद्रवी हिंदू मंदिरों में जमकर तोड़-फोड़ कर रहे हैं, जिसके चलते वहां हिंदुओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। ऐसी भयावह स्थिति को देखते हुए ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल कमेटी का ऐलान किया है, बल्कि यह भी बता दिया है कि उस कमेटी की अध्यक्षता कौन करेगा। उन्होंने कहा है कि समिति की अध्यक्षता एडीजी, सीमा सुरक्षा बल पूर्वी कमान के पास होगी।

**धनखड़ की टोन पर राज्यसभा में हंगामा**

# सभापति को पद से हटाने विपक्ष लाएगा महाभियोग प्रस्ताव

*विपक्ष राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अनुच्छेद 67 के तहत महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ की टोन पर सवाल उठाए। सभापति जगदीप धनखड़ भड़के और उन्हें मर्यादित आचरण की नसीहत दी। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने 'दादागीरी नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए वॉकआउट कर दिया। राज्यसभा में विपक्ष के आचरण को अमर्यादित बताते हुए निंदा प्रस्ताव भी पारित हुआ। हंगामे और निंदा प्रस्ताव के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।*

### विपक्षी सदस्यों ने 'दादागीरी नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए किया वॉकआउट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दरअसल राज्यसभा में शून्यकाल की कार्यवाही पूरी होने के बाद प्रश्नकाल शुरू होने से पहले विपक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर घनश्याम तिवाड़ी की ओर से की गई टिप्पणी का मुद्दा उठा दिया। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कुछ आपत्तिजनक बातें कही गई थीं। इस पर आपने कहा था कि रुलिंग देंगे। उन्होंने सवाल किया कि वह रुलिंग क्या है? इसके जवाब में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और घनश्याम तिवाड़ी, दोनों ही मेरे चैंबर में आए थे। एक-एक चीज पर नजर डाली गई।



### जयराम रमेश ने उठाई माफी की मांग

*रमेश ने कहा कि घनश्याम तिवाड़ी ने कहा था कि अगर कुछ भी आपत्तिजनक हो तो मैं सदन में माफी मांगने के लिए तैयार हूं। खड़गे जी भी इस पर सहमत थे कि कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है, उस समय समझ नहीं आया। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रशंसा में घनश्याम तिवाड़ी ने श्रेष्ठतम बातें कही थीं। कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। इस पर खड़गे ने कहा कि यह बातें सदन को भी जानना चाहिए। सभापति ने कहा कि घनश्याम तिवाड़ी ने संसदीय भाषा में अपनी बातें कहीं। रमेश ने माफी मांगने की मांग की. इस पर सभापति ने कहा कि प्रशंसा के लिए कोई माफी नहीं मांगता। वे माफी नहीं मांगेंगे। प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो शब्द कहे थे, वह दोहराना नहीं चाहता।*

### 'क्यों नेम कर देंगे सर?'

सभापति ने कहा कि कोई इश्यू है तो आप लिखित में दीजिए। भड़के सभापति ने रमेश को नेम करने की चेतावनी दी. इस पर अजय माकन ने कहा कि 'क्यों नेम कर देंगे सर, एक बात जो विपक्ष के नेता के साथ हुई वह बताने के लिए नेम कर देंगे। आप कहते हैं- हंस क्यों रहे हैं, मुस्कुरा क्यों रहे हैं, बैठे क्यों हैं। हाथ जोड़कर कह रहे हैं प्लीज ऐसे मत कीजिए।'

### 'आप सेलिब्रिटी होंगी लेकिन डेकोरम मानना पड़ेगा'

विपक्ष की तरफ से जया बच्चन ने कहा, 'मैं एक एक्टर हूं और बॉडी लैंग्वेज, एक्सप्रेशन समझती हूं। मुझे माफ करिएगा सर, आपकी जो टोन है, ठीक नहीं है। हम लोग कलीग हैं, आप वहां हैं। आपकी टोन अस्वीकार्य है।' इस पर भड़के सभापति ने कहा कि जयाजी आपने महान उपलब्धि हासिल की है। आप जानती हैं कि एक एक्टर, डायरेक्टर का विषय है। उन्होंने कहा कि मैं हर रोज दोहराना नहीं चाहता। सभापति ने कहा कि हर दिन आपकी स्कूलिंग करना नहीं चाहता। आप मेरी टोन को लेकर बात कर रही हैं? बहुत अधिक है। मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि आप कोई भी हों, आपको डेकोरम मानना पड़ेगा। आप सेलिब्रिटी होंगी लेकिन डेकोरम मानना पड़ेगा।

# ब्राजील में बड़ा हादसा, 62 लोगों को लेकर जा रहा विमान साओ पाउलो में क्रैश



एजेंसी ▶▶| रियो डि जेनेरियो

ब्राजील के विन्हेडो में बड़ा प्लेन क्रैश हुआ है। स्थानीय टीवी स्टेशन ग्लोबोन्यूज ने बताया कि शुक्रवार को 62 लोगों को लेकर जा रहा एक विमान क्रैश हो गया। एयरलाइन वोपास लिन्हास एरियाज द्वारा संचालित एटीआर-72 विमान पराना राज्य के कास्केवेल से साओ पाउलो के ग्वारूलहोस जा रहा था।

साओ पाउलो के राज्य अग्निशमन दल ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि विन्हेडो में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसने दुर्घटना वाले क्षेत्र में सात दल भेजे हैं। एयरलाइन वोपास ने एक बयान में पुष्टि की कि साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ग्वारूलहोस के लिए उड़ान भरने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 58 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य सवार थे। बयान में यह नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। ब्राजील के टेलीविजन नेटवर्क ग्लोबोन्यूज ने एक रिहायशी इलाके में आग लगने और विमान के हिस्से से धुआं निकलने की फुटेज दिखाई, जो घरों से भरा हुआ था। ग्लोबोन्यूज़ पर अतिरिक्त फुटेज में एक विमान को तेजी से नीचे की ओर बहते हुए दिखाया गया। वीडियो में विमान पेड़ों वाले इलाके में गिरता दिख रहा है। इसके बाद धुएं का गुबार उठा। दक्षिणी ब्राजील में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और वहां मौजूद लोगों से खड़े होकर एक मिनट का मौन रखने को कहा।




रायपुर, शनिवार, 10 अगस्त 2024 श्रावण शुक्ल पक्ष षष्ठी | वर्ष : 23, अंक : 24 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22, मूल्य : 5.00**

# मांएं दुनिया चलाएं तो कहीं भी नहीं होगी नफरत....

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मां के दिल में प्रेम होता है, मां स्नेह से भिगो देती है। मां आखिर मां होती है, उसके दिल में नफरत कहां...। ओलंपिक में भाला फेंक में पाकिस्तानी खिलाड़ी अरशद नदीम ने गोल्ड जीता। नीरज ने जीता सिल्वर। लेकिन मां का दिल देखिए, नीरज की मां से पत्रकारों ने पूछा, कैसा लग रहा है? उन्होंने कहा बहुत अच्छा। सवाल हुआ कि नदीम ने गोल्ड जीता, कैसा लगा? नीरज की मां ने जो कहा, उसने पूरी दुनिया का दिल जीत लिया। अपने बेटे के रजत पदक से खुश नीरज चोपड़ा की मां सरोज देवी ने ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए भी खुशी जताई और कहा कि वह भी उनके बच्चा जैसा है।

# सरहद के अंदर-बाहर फैली मोहब्बत की खुशबू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरोज ने कहा, हम रजत पदक से बहुत खुश हैं, जिसने स्वर्ण पदक जीता वह भी हमारा बच्चा है और जिसने रजत पदक प्राप्त किया वह भी हमारा बच्चा है... सभी एथलीट हैं, सभी कड़ी मेहनत करते हैं। नदीम भी अच्छा है, वह अच्छा खेलता है, नीरज और नदीम में कोई अंतर नहीं है। हमें स्वर्ण और रजत पदक मिला, हमारे लिए कोई अंतर नहीं ▶▶|शेष पेज 4 पर




## नदीम की अम्मी बोलीं नीरज मेरे बेटा जैसा

जिस तरह का अपनापन नीरज की मां सरोज ने नदीम के लिए दिखाया कुछ उसी तरह की बात नदीम की अम्मी ने भी कही है। नदीम की मां ने कहा कि अगर मांएं दुनिया चलाए तो कहीं कोई नफरत नहीं होगी। नीरज चोपड़ा भी मेरे बेटे जैसा है, मैंने उसके लिए भी दुआ की थी। उन्होंने कहा कि दोनों की खूब दोस्ती है, ऊपर वाले करे कि वे खूब मेहनत करें और कामयाब बने।

## अरशद के पिता ने याद किए पुराने दिन

वहीं, बेटे की जीत की खुशी में अरशद के पिता मुहम्मद अशरफ ने मीडिया से कहा मैंने राजमिस्त्री का काम किया है और अरशद अक्सर मेरे साथ काम पर जाता था, इसके अलावा गांव में टेंट पेगिंग सत्र भी देखता था। अरशद ने गांव के स्कूल में शॉटपुट, डिस्कस थ्रो के साथ-साथ हैमर थ्रो और लॉन्ग जंप में भी हाथ आजमाया।



## नीरज की मां के बयान के बाद भावुक हुए बजरंग पुनिया

नीरज चोपड़ा की मां का बयान काफी वायरल हो रहा है। बजरंग पुनिया ने भी उनके बयान पर भावुक ट्वीट किया है. बजरंग पुनिया ने अपने ट्वीट में लिखा है- मां तो मां होती है... वह नीरज के संघर्ष के बारे में जानती है और सीमा पार रहने वाले नीरज चोपड़ा के दोस्त अरशद नदीम के बारे में भी... दोनों के बीच दोस्ती इसलिए है क्योंकि वे देशी देहाती भाई हैं। नीरज और अरशद की दोस्ती में भाईचारे का संदेश छिपा है, लेकिन मां का स्नेह और प्यार सारी हदें पार कर गया है. हमारी सभी मां ऐसी ही होती हैं.... मां तो मां होती है, ऐ दुनिया वालों।

## शोएब अख्तर भी मुरीद

पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर भी नीरज की मां के मुरीद हो गए। उन्होंने एक्स पर लिखा, गोल्ड जिसका आया है वह भी हमारा ही लड़का है। यह एक मां ही कह सकती है। अमेजिंग...।

# 31 संसद करेंगे 'वक्फ-बदलाव' की पड़ताल, शीतकालीन से पहले देंगे रिपोर्ट

*संयुक्त समिति में लोकसभा से 21 व राज्यसभा से 10 सांसद नामित*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद ने वक्फ संशोधन विधेयक पर चल रही सरकार व विपक्ष के बीच चल रही गहमागहमी, तीखी नोकझोंक व चर्चा के बाद इस विधेयक पर विचार करने के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति के गठन की घोषणा की गई। समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्यों को नामित करने की अनुशंसा संबंधी प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक बृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश किया था जिस पर सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तीखी बहसबाजी हुई थी। दोनों पक्षों की सहमति के बाद संयुक्त समिति के पास भेजने का फैसला हुआ था। रीजीजू ने सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' ▶▶|शेष पेज 4 पर

## किस पार्टी के कितने सदस्यों को मिली जगह

इस संयुक्त समिति में लोकसभा से जिन 21 सदस्यों को शामिल किया गया है उनमें भाजपा के आठ और कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हैं। राज्यसभा से समिति में शामिल किए गए सदस्यों में से चार भाजपा के और एक-एक सदस्य कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, वाईएसआर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के हैं। एक मनोनीत सदस्य को भी समिति का सदस्य बनाया गया है। इस प्रकार इस समिति के कुल सदस्यों की संख्या 31 हो गई।

### भाजपा से पाल, दुबे, कांग्रेस से गोगोई, मसूद

लोकसभा सदस्यों में भाजपा से जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय और डीके अरुणा को इस समिति में शामिल किया गया है जबकि कांग्रेस से गौरव गोगोई, इमरान मसूद और मोहम्मद जावेद को इसका सदस्य बनाया गया है।



### संविधान के अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं : रीजीजू

विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए रीजीजू ने कहा था कि विधेयक में किसी की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है तथा संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का पुरजोर विरोध किया था और कहा था कि यह संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है।

## ओवैसी, राजा, सावंत, म्हास्के भी शामिल

समाजवादी पार्टी के सदस्य मौलाना मोहिबुल्ला नदवी, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, द्रमुक के ए. राजा, तेलुगू देसम पार्टी के लावू श्रीकृष्णा, जनता दल यू के दिलेश्वर कामत, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुरेश गोपीनाथ महत्रे, शिवसेना के नरेश गणपत म्हास्के, लोक जनशक्ति पार्टी के अरुण भारती और एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवैसी भी इस समिति में शामिल हैं।

## राज्यसभा से अली, अब्दुल्ला अग्रवाल, रेड्डी व संजय सिंह

रीजीजू ने उच्च सदन में बताया कि राज्यसभा से इस समिति में बृजलाल, मेधा विश्राम कुलकर्णी, गुलाम अली, राधामोहन दास अग्रवाल (सभी भाजपा), सैयद नासिर हुसैन (कांग्रेस), मोहम्मद नदीमुल हक (तृणमूल कांग्रेस), वी विजय साई रेड्डी (वाईएसआर कांग्रेस), एम मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), संजय सिंह (आम आदमी पार्टी) और डी वीरेंद्र हेगड़े (मनोनीत) को शामिल किया गया है।

# मर्ज होंगे 4000 से ज्यादा स्कूल, इनमें से 99 को छोड़कर सभी एक ही भवन में, अब एक भवन, एक यूनिक कोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश में 4 हजार 77 स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। ये ऐसे स्कूल हैं, जो एक ही भवन में स्थित हैं, लेकिन इनकी गिनती भिन्न-भिन्न स्कूलों के रूप में होती रही है। अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई रूपरेखा के मुताबिक, एक भवन में संचालित होने वाले सभी स्कूलों की गिनती एक ही विद्यालय के रूप में होगी। इन स्कूलों के शिक्षक भी मर्ज होंगे।




■ प्रत्येक स्कूल को दिया जाता है एक यूनिक कोड, इसे कहा जाता है यू-डाइस कोड

जिन स्कूलों को आपस में मर्ज किया जा रहा है, उनमें से 99 स्कूल ऐसे हैं जो एक परिसर में ना होकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

## इस तरह दूर होगी शिक्षकों की कमी

प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल अथवा हायरसेकंडरी को मर्ज किए जाने पर शिक्षक भी आपस में मर्ज हो जाएंगे। इस तरह से 4 हजार 77 स्कूलों के शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण हो जाएगा। इससे शिक्षकों की कमी भी दूर हो जाएगी। वर्तमान आंकड़ों के मुताबिक, 7 हजार 303 शिक्षक ऐसे हैं, जो अतिरिक्त हैं। अर्थात ये जहां पदस्थ हैं वहां पहले से ही पर्याप्त शिक्षक हैं। इन 7,303 शिक्षकों को उनकी वर्तमान ▶▶|शेष पेज 4 पर

## इसे ऐसे समझें

मान लीजिए किसी गांव या शहर में एक भवन है। इस भवन में अलग-अलग पालियों में प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल अथवा हायरसेकंडरी की कक्षाएं संचालित होती हैं। प्रथम और द्वितीय पाली में लगने वाली कक्षाओं की गिनती दो स्कूलों के रूप में होती है। इन्हें यू-डाइस कोड भी अलग-अलग दिए गए हैं। अब इन दोनों पालियों के स्कूलों को एक साथ मर्ज कर दिया जाएगा। अर्थात एक भवन में जितनी भी पाली में कक्षाएं संचालित होती हो, उन सबकी गिनती एक ही स्कूल के रूप में होगी। इसके अलावा सबका यू-डाइस कोड भी एक ही होगा। शासन की योजनाएं भी एक ही यू-डाइस कोर्ड के अंतर्गत प्राप्त होगी।



## चिंतन

# बैंक में चार नॉमिनी बनाने से खाताधारकों को होगा लाभ

मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सरकार ने बैंकिंग कानून संशोधन 2024 संसद में पेश कर दिया। इसके पास हो जाने के बाद बैंकिंग नियमों में कई बड़े बदलाव हो जाएंगे, जिनकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। सबसे बड़ा बदलाव तो यह होगा कि अब बैंक में खाते खुलवाने के दौरान चार नॉमिनी बनाए जा सकेंगे। कुछ समय पहले आरबीआई ने खाता खुलवाते समय ही नॉमिनी का नाम भरा जाना अनिवार्य किया था। उससे पहले बिना नॉमिनी के भी खाते खुल सकते थे, क्योंकि फार्म में इस कॉलम को भरा जाना वैकल्पिक था। नॉमिनी के बिना खोले गए खातों की बड़ी संख्या के चलते ही आज देश के बैंकों में 78,000 करोड़ रुपये यूं ही रखे हैं, मगर कोई दावा करने नहीं आता। अनेक मामले तो ऐसे भी हैं, जहां न तो अब नॉमिनी है और न ही खाताधारक। इसलिए ये पैसे बैंकों में ही पड़े हैं। नियमों के हिसाब से यह पैसा परिवार के अन्य सदस्यों को दिया ही नहीं जा सकता। अभी नियम यह है कि जब आप बैंक खाता खुलवाते हैं तो आपको एक नॉमिनी का नाम दर्ज करना होता है। इसका मकसद आपकी मृत्यु के बाद खाते में जमा पैसे को उस व्यक्ति को देना होता है। अभी आप इसके लिए एक ही शख्स का नाम नॉमिनी में लिख सकते थे, लेकिन अब नए नियम के तहत आप एक से ज्यादा लोगों को अपने खाते में नॉमिनी बना सकेंगे। इसके अलावा, बीमा और हिंदू अविभाजित परिवार खाते की तरह, लगातार और एक साथ नॉमिनी बनाने की सुविधा से संयुक्त खाताधारक और वारिसों को खाताधारक की मौत के बाद पैसा मिल सकेगा। इन बदलावों का मकसद ग्राहक को किसी भी तरह की परेशानी से बचाना है। आरबीआई द्वारा बैंकों में पड़े धन को लेकर विशेष अभियान भी चलाया गया था। उसके संतोषजनक परिणाम सामने न आने से नियमों में बदलाव करने की तैयारी की गई। अब सार्वजनिक भविष्य निधि खाते यानी पीपीएफ में भी एक से ज्यादा नॉमिनी तय करना संभव होगा। आरबीआई ने म्यूचुअल फंड और दूसरी वित्तीय कंपनियों को यह आदेश दिया था कि वे दावारहित राशि को उनके सही मालिकों को लौटाएं, लेकिन इसके बावजूद मार्च 2024 के अंत तक ऐसी राशि बढ़कर 78,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। बैंकों ने कई बार ऐसी रकम के दावे निपटाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 में सहकारी बैंकों के संबंध में भी कुछ बदलाव किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, विधेयक में वैधानिक लेखा परीक्षकों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक को तय करने में बैंकों को अधिक स्वतंत्रता देने का प्रावधान है। इस विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण में की थी। हालांकि विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि सहकारी बैंक राज्यों के तहत आते हैं। उनके लिए नियम कानून बनाना राज्यों के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन होगा। जिसे वित्तमंत्री निर्मला सीमारमण ने सीधे-सीधे रिज कर दिया। इस विधेयक में एक और बड़े बदलाव का प्रावधान किया गया है। इसके तहत कंपनी के निदेशकों के सबस्टेंशियल इंटरेस्ट को फिर से परिभाषित किया गया। इसके तहत 3 लाख की राशि को बढ़ाकर दो करोड़ कर दिया है। लंबे समय बाद इसमें बदलाव किया गया। असल में हमारे बैंकिंग सिस्टम में अनेक खामियां हैं। जिन्हें समय-समय पर दुरुस्त करने की जरूरत है। इन कमियों के कारण खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब नए नियमों से कुछ सुधार की उम्मीद जगी है।

# उदारवादी वामपंथी थे बुद्धदेव..



श्रद्धांजलि
उमेश चतुर्वेदी

**पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए बुद्धदेव भट्टाचार्य ने आर्थिक उदारीकरण की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने राज्य के औद्योगीकरण की ओर भी कदम बढ़ाया। सिंगूर में टाटा का कारखाना लगाने के लिए उन्होंने जमीन का अधिग्रहण किया, जिसके खिलाफ बंगाल व्यापी आंदोलन छिड़ा और उसकी आंच में ही 2011 में हुए विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे की हार हुई। पैरोकार और ताजिंदगी सादगी के प्रतीक रहे बुद्धदेव को एक ऐसे उदार वामपंथी के रूप में याद किया जाएगा, जो शिष्ट था, शालीन था। अपने इन्हीं मानवीय गुणों की वजह से वह अपना लालगढ़ बचा नहीं पाए। उनके निधन से वामपंथी राजनीति का एक अध्याय समाप्त हो गया है।**

साल 2000...नई सदी करवट बदल रही थी। इक्कीसवीं सदी के स्वागत के साथ ही भारतीय राजनीतिक आसमान में एक सवाल रह-रहकर उछल उठता...बंगाल के लालगढ़ का उत्तराधिकारी कौन होगा। धान, केला और ताड़ की भूमि बंगाल की माटी को लाल सलाम की आदत डालने वाले ज्योति बसु के रिटायरमेंट की चर्चाएं जारी थीं। महज चार साल पहले गैर बीजेपी विपक्ष की नजर में प्रधानमंत्री पद की पहली पसंद रहे वामपंथी दिग्गज इस चर्चा के सिर्फ चार साल बाद ही रिटायर होने जा रहे थे।

सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक रूप से चेतन हो रही और अक्सर कांग्रेस की बलैया लेने वाली नई पीढ़ी को जानना चाहिए..तब सिर्फ बीजेपी ही नहीं, कांग्रेस को भी समूचा विपक्ष अछूत बनाने के लिए उतावला रहता था। ऐसा अछूत, जिसके कंधे की सवारी में उसे छूत नहीं लगती थी लेकिन सत्ता में उसे दूर रखने की भरपूर कोशिश होती थी। उन दिनों वामपंथ के देश में तीन गढ़ थे। तीनों गढ़ तीनों कोनों पर..पहला सुदूर दक्षिण स्थित भगवान के अपने घर में..कितना बड़ा विरोधाभास है कि भगवान के अपने घर में वामपंथ का किला आज भी गड़ा हुआ है, उस वामपंथ का, जो भगवान को नहीं मानता, जो धर्म को अफीम मानता है। खैर, दूसरा गढ़ पश्चिम बंगाल था तो तीसरा त्रिपुरा। तब बंगाल को सबसे बड़ा गढ़ माना जाता था। माना भी क्यों न जाए, वहां लगातार 23 सालों से लाल सरकार चल रही थी।

ज्योति बसु के उत्तराधिकारी का नाम हवा में उछलता तो था, लेकिन उसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाती थी। इसी बीच इन पंक्तियों के लेखक को फ्रीलांस के तौर पर सीपीएम के तत्कालीन महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत का साक्षात्कार का मौका मिला। साल था 2000, मार्च का महीना और तारीख थी 23 मार्च। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत का दिन, भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही राममनोहर लोहिया की जयंती...दिन भी याद है..वह दिन था गुरुवार...तो उस गुरुवार की ठंडाती शाम को राजधानी दिल्ली के तीनमूर्ति लेन स्थित सुरजीत के बंगले के सन्नाटे के बीच इंटरव्यू हुआ। इंटरव्यू इतना दमदार रहा कि बुखार में तपता शरीर जैसे उत्साह से भर उठा। पत्रकारों को पता है कि उनकी जिंदगी में स्कूप का क्या महत्व था। इंटरव्यू से इन पंक्तियों के लेखक को स्कूप हाथ लग गया था। सुरजीत रौ में बोल गए थे..बुद्धदेव भट्टाचार्य होंगे ज्योति बसु के उत्तराधिकारी..यानी बंगाली लालगढ़ के अगले सेनापति। तब कोलकाता से लेकर दिल्ली तक की फिजाओं में अनिल विस्वास और विमान बसु के भी नाम तैरते रहते थे लेकिन उसकी पुष्टि नहीं हो पाती थी। सुरजीत के सामने बसु के उत्तराधिकारियों के तौर पर इन दोनों के नाम रखे गए। इससे वे झल्ला गए और बुद्धदेव भट्टाचार्य का नाम उन्होंने ले लिया। दैनिक हिंदुस्तान ने इस इंटरव्यू को तो रविवार 26 मार्च 2000 के अंक में छापा, लेकिन खबर दो दिन पहले ही स्कूप के रूप में छाप दी। तब सीपीएम की रिपोर्टिंग पर केरल के मलयालम और पश्चिम बंगाल के बंगला अखबारों के साथ ही कुछ राष्ट्रीय अंग्रेजी अखबारों का दबदबा था। वामपंथ से जुड़ी ब्रेकिंग कहानियां उन्हें ही मिलती थीं और वे ही उसे छापते भी थे लेकिन हिंदी वाले को वामपंथ से



जुड़ी बड़ी कहानी मिल गई तो वे चौंक उठे। खैर...इतना वितान रचने की जरूरत इसलिए पड़ रही है कि 11 साल तक पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार की कमान संभालने वाले बुद्धदेव भट्टाचार्य अब नहीं रहे। लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। भट्टाचार्य ज्योति बसु सरकार में करीब 18 साल तक मंत्री रहे थे। उन्होंने गृह मंत्रालय समेत कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों में काम किया। पश्चिम बंगाल में बुद्धदेव भट्टाचार्य सीपीएम के दूसरे और अंतिम मुख्यमंत्री थे। जाधवपुर विधानसभा क्षेत्र से उन्होंने लगातार जीत हासिल की थी।ु द्धदेव भट्टाचार्य पहली बार साल 1977 में विधानसभा चुनाव जीतकर कोसीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने थे। इतना ही नहीं, वे लगातार 24 साल तक विधायक रहे। उन्होंने 2015 में सीपीआई (एम) के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति से इस्तीफा दे दिया था और 2018 में राज्य सचिवालय की सदस्यता छोड़ दी थी। उनके निधन से वामपंथी राजनीति का एक अध्याय समाप्त हो गया है। यहां बता दें कि बुद्धदेव भट्टाचार्य चेन स्मोकर थे...उनका सिगरेट का खर्च इतना था कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें सीपीएम से जो छह हजार का भत्ता मिलता था, वह भत्ता उनके सिगरेट के लिए कम पड़ता था। यहां नई पीढ़ी के लिए यह बताना जरूरी है कि वामपंथी दलों में विधायक, सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री को पार्टी की ओर से तय भत्ते मिलते हैं। उन्हें अपनी पूरी तनख्वाह पार्टी को देनी होती है। यहां तक कि अगर वे बंगले के अधिकारी हैं तो उन्हें अपने बंगले में पार्टी द्वारा तय किए लोगों को भी रहने देना होता है।

ऐसे में सवाल यह है कि बुद्धदेव भट्टाचार्य का बाकी खर्च कैसे चलता था। उनकी पत्नी मीरा भट्टाचार्य कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राध्यापक थीं। मुख्यमंत्री का घर उनकी पत्नी के पैसे से चलता था। बुद्धदेव भट्टाचार्य का जन्म एक मार्च 1944 को उत्तरी कोलकाता में हुआ था। उनका पुश्तैनी घर बांग्लादेश में है। बुद्धदेव ने कोलकाता के प्रतिष्ठित प्रेसीडेंसी कॉलेज से बांग्ला साहित्य से बांग्ला में बीए (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की थी। 1966 में वे कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से जुड़ गए। पार्टी ने उन्हें जून, 1968 में युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन का राज्य सचिव बनाया, जिसका बाद में डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया में विलय हो गया था। बुद्धदेव ने अपनी जिंदगी की शुरुआत अध्यापक के रूप में की। लेकिन बाद में वे पूरी तरह राजनीति में समाहित हो गए।

वामपंथी दलों को उदारीकरण का विरोधी माना जाता है। साल 2000 से 2011 तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए बुद्धदेव भट्टाचार्य ने आर्थिक उदारीकरण की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने राज्य के औद्योगीकरण की ओर भी कदम बढ़ाया। सिंगूर में टाटा का कारखाना लगाने के लिए उन्होंने जमीन का अधिग्रहण किया, जिसके खिलाफ बंगाल व्यापी आंदोलन छिड़ा और उसकी आंच में ही साल 2011 में हुए विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे की हार हुई। उनकी एक बेटी थीं सुचेतना भट्टाचार्य। थीं इसलिए कि उन्होंने अपना लिंग परिवर्तन करवा लिया और अब वे लड़का हो गई हैं । अब वह सुचेतन भट्टाचार्य के नाम से जानी जाती हैं। उन्होंने ही बुद्धदेव के निधन की जानकारी लोगों को दी। वामपंथ में उदारीकरण के पैरोकार और ताजिंदगी सादगी के प्रतीक रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य को राजनीति और देश किस रूप में याद करेगा, यह तो बाद की बात है। लेकिन इतना जरूर है कि एक ऐसे उदार वामपंथी के रूप में याद किया जाएगा, जो शिष्ट था, शालीन था, वामपंथी वैचारिकी की उत्तेजनाओं से दूर था और उससे भी कहीं ज्यादा उदारीकरण का पैरोकार था। और अपने इन्हीं मानवीय गुणों की वजह से वह अपना लालगढ़ बचा नहीं पाए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
रोहित कौशिक



# विनेश और बेटियों का सम्मान

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा -'मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई, माफ करना। आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024'। विनेश फोगाट को लेकर सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह के बयान आ रहे हैं। भले ही वह ज्यादा वजन के कारण ओलंपिक से बाहर हो गई हों लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जो कुछ उन्होंने झेला है, वह संकेत करने के लिए काफी है कि हम अभी भी बेटियों को सम्मान देना नहीं सीख पाए हैं। विनेश पर जिस तरह की राजनीति की गई वह भी सभी के सामने है। इस प्रगतिशील दौर में हमें यह सोचना होगा कि महिलाओं के संदर्भ में बड़ी-बड़ी बातें करने वाला यह समाज इस मुद्दे पर खोखला आदर्शवाद क्यों अपना लेता है ? लेकिन महिलाएं हमारे इस व्यवहार से बेपरवाह हमें सम्मान देने में जुटी हुई हैं। महिलाएं आसमां छू रही हैं और हम जमीन पर उन्हें दबोच कर उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। हमारे देश की बेटियों ने यह कई बार सिद्ध किया है कि यदि उन्हें प्रोत्साहन और सम्मान दिया जाए तो वे हमारे देश को अन्तरराष्ट्रीय फलक पर एक नई पहचान दिला सकती हैं। लेकिन हमारे समाज में आजादी के इतने वर्षों बाद भी बेटियां वह सम्मान प्राप्त नहीं कर पाईं जिसकी वे हकदार थीं। यह विडम्बना ही है कि शिक्षित होने के बावजूद हम अभी आत्मिक रूप से विकास नहीं कर पाए हैं। पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों को रोज नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

इस दौर में हमारे समाज के एक छोटे से तबके में लड़कियों को पूर्ण छूट दी जाने लगी है लेकिन यहां उनकी चुनौतियां अलग तरह की होती हैं। कुल मिलाकर पितृसत्तात्मक समाज लड़कियों के लिए अनेक तरह के अवरोध खड़े कर रहा है। यह समाज इन अवरोधों के समर्थन में अलग तरह के तर्क गढ़ता है। यह जानते हुए भी कि इन तर्कों का कोई आधार नहीं है, यह समाज इन तर्कों को नियमों की तरह लड़कियों पर लादता है। जब हम इन आधारहीन नियमों को सिर्फ लड़कियों पर लादते हैं तो एक तरह से हम पितृसत्ता को पुनः प्रतिष्ठापित करते हैं। 21वीं सदी में भी यदि लड़कियों को आगे बढ़ने की कोशिश करने पर ताने सुनने पड़ें तो हमें यह सोचना होगा कि हमारी प्रगतिशीलता में कहां कमी रह गई है? केवल भाषणबाजी से समाज में प्रगतिशीलता नहीं आती है। इसके लिए हमें बहुत सी सड़ी-गली परम्पराओं को दांव पर लगाना पड़ता है। शिक्षा ग्रहण कर समाज के हर वर्ग के उत्थान में उसका उपयोग करना ही सच्ची प्रगतिशीलता है।

इस दौर में विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या हम लड़कियों और महिलाओं के संदर्भ में सच्चे अर्थों में प्रगतिशील हैं ? दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि खेलों में भी लड़कियों को अनेक स्तरों पर चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं। छोटी उम्र में अनेक लड़कियों को समाज के डर से अपने शौक की कुर्बानी देनी पड़ती है। इसीलिए हमारे देश में बहुत सारी महिला प्रतिभाएं जन्म ही नहीं ले पाती हैं या फिर असमय दम तोड़ देती हैं। खेल जगत में भी महिला खिलाड़ियों को पग-पग पर पितृसत्ता की चुनौती झेलनी पड़ती है और बार-बार महिला होने का खामियाजा भुगतना पड़ता है। प्रशिक्षण के दौरान और मैदान पर महिला खिलाड़ियों से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हैं। ऐसी घटनाओं और ऐसे वातावरण को देखकर अन्य परिवारों का मनोबल भी टूट जाता है और वे अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में भेजने से कतराने लगते हैं। रही सही कसर खेल जगत में पसरी राजनीति पूरी कर देती है। एक तरफ बेटियां खेलों में पसरी राजनीति से जूझती हैं तो दूसरी तरफ समाज में पसरी राजनीति उनकी राह में कांटे बिछा देती है। बेटियों और महिलाओं के खिलाफ यह राजनीति अन्ततः सामाजिक विकास को पीछे धकेलती है। फलस्वरूप बेटों और बेटियों में अनेक स्तरों पर एक अंतर बना रहता है। यह अन्तर विद्यमान रहने के कारण ही उन्हें 'देह' भर माना जाता है। इस दौर में महिलाओं से बलात्कार की बढ़ती घटनाएं और उन पर हो रहे हमले इस बात का प्रमाण है कि हम आज भी बेटियों को मात्र भोग की वस्तु मानते हैं। इस तथ्य को गलत सिद्ध करने के लिए यह कहा जा सकता है कि सारा समाज ऐसा नहीं है लेकिन वास्तविकता यह है कि सामने लड़की को देखकर सभ्य लोगों के चेहरे पर भी एक कुटिल मुस्कान बिखर जाती है। सुखद यह है कि इस माहौल में भी लड़कियों और महिलाओं के हौसले बुलन्द हैं और वे लगातार सफलता की नई कहानियां लिख रही हैं। दुखद यह है कि इस मुश्किल समय में भी विनेश फोगाट पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं। क्या हम इसी तरह बेटियों और महिलाओं का सम्मान करते हैं ? कहां गई हमारी प्रगतिशीलता ? अब समय आ गया है कि हम बेटियों को सच्चा सम्मान दें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कष्टों से भागें नहीं उनका सामना करें



संकलित
दर्शन

हमारे रोजमर्रा के जीवन में समस्याओं का पैदा होना स्वाभाविक है। हमारे जीवन की सबसे बड़ी समस्याएं वे हैं, जिनका हमें सामना करना पड़ता है, जैसे— बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु। इन समस्याओं से बचने या उनके विषय में न सोचने से अस्थायी आराम तो मिल सकता है लेकिन, अगर आप अपने कष्ट का खुलकर सामना करते हैं तो आप अपनी समस्या को ज्यादा अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। यदि आप कोई युद्ध लड़ रहे हैं तो जब तक आप अपने शत्रु की स्थिति और उसकी सैन्य क्षमता पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक आपकी तैयारी पूरी नहीं होगी और आप डर के कारण शिथिल हो जाएंगे। यदि आपको अपने शत्रु की सैन्य क्षमता और उसके हथियारों आदि के बारे में पता लग जाए तो युद्ध के समय आपकी स्थिति बेहतर हो जाएगी। इसी तरह यदि आप अपनी समस्याओं से बचने के बजाय उनका सामना करेंगे तो उनसे निपटने में आपको आसानी होगी। उदाहरण के लिए आपको बुढ़ापा और मृत्यु नकारात्मक या अवांछित लगें और आप उन्हें भूलना चाहें, फिर भी ये चीजें तो आएंगी। यदि आप इनके बारे में सोचने से बचते रहें तो जिस दिन इनमें से कोई भी घट गई तो आपको असहनीय मानसिक पीड़ा हो सकती है। यदि आप बुढ़ापा, मृत्यु और इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण चीजों पर सोचने में कुछ समय लगाएंगे तो इनके होने पर भी आपका मस्तिष्क स्थिर रहेगा। एक बात व्यक्ति को ध्यान में रखनी है, वह यह है कि कष्ट के बारे में विचार करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे बचने की संभावना है; एक विकल्प है।

## जहां पवन है, वहां मन



संकलित
प्रेरणा

मन शब्द से हर कोई परिचित है। मन का साम्राज्य विशाल है। योग की एक प्रसिद्ध सूक्ति है— 'यत्र पवनस्तत्र मन' अर्थात जहां पवन है, वहां मन है। मन क्या है? यह प्रश्न सहज ही उठता है। सामान्य शब्दों में कहें तो जो चेतना बाहर जाती है, उसका प्रवाहात्मक अस्तित्व ही मन है। मन का अर्थ है— संकल्प-विकल्प। मन का अर्थ 'स्मृति और चिंतन' के इर्द-गिर्द घूमता है। मन का अर्थ समय की परिधि में तीनों कालों में बंटा हुआ है। मन अतीत की स्मृति करता है, भविष्य की कल्पना करता है तथा वर्तमान का चिंतन करता है। मन की प्रकृति चंचल है, इसीलिए कभी व्यग्र होता है,कभी एकाग्र। मन के स्थान के संबंध में पृथक-पृथक धारणाएं प्रचलित हैं। कोई इसे हृदय के नीचे, कोई हृदय के बीच तो कोई समूचे शरीर में व्याप्त बताता है। शरीर शास्त्र के अनुसार मन का स्थान मस्तिष्क है। वस्तुत मन का शासन सर्वत्र व्याप्त है। मन के स्वरूप को जानना इसलिए आवश्यक है कि वह हमारी साधना का मुख्य आधार है। उसी के आधार पर ध्यान, उपलब्धियों, अनुपलब्धियों का लेखा-जोखा होता है। मन के साथ चेतना का योग न हो तो ध्यान की कोई आवश्यकता नहीं है। मन का स्वरूप चेतना की धारा से निर्मित होता है। वह न चंचल है; न स्थिर है। जैसा उत्पादन होता है, वैसा ही वह निर्मित हो जाता है। हमारे मन में हजारों अवस्थाएं प्रतिदिन घटित होती हैं। जब मन बाह्य-साक्षात्कार में लगता है, तब मन में हजारों घटनाएं घटित होती हैं। अकारण प्रेम, शत्रुता व भय के भाव आ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती**

एक अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। इस दिन से अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन चलाते समय हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से। **- प्रीतिम सिंह**

## करंट अफेयर

# 9 साल की उम्र में शादी, मुस्लिम देश के नए 'कानून' पर बवाल

इराक की संसद में पेश हुए विधेयक को लेकर आजकल जोरदार हंगामा हो रहा है। इस विधेयक में लड़कियों की शादी के लिए न्यूनतम आयु घटाकर 9 साल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इराक के कानून मंत्रालय की तरफ से इस कानून का प्रस्ताव संसद में रखा गया है। फिलहाल इराक में भी महिलाओं की शादी के लिए न्यूनतम आयु 18 साल है। इस विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति खुद चुन सकता है कि उसके पारिवारिक मामले धार्मिक अथॉरिटी तय करेगी या फिर न्यायालय। इस विधेयक के आलोचकों का कहना है कि इससे उत्तराधिकार, तलाक और बच्चों की कस्टडी समेत कई अधिकारों का हनन होगा। अगर यह विधेयक पास हो जाता है तो लड़कियों की शादी 9 साल और लड़कों की 15 साल की आयु में ही की जा सकेगी। ऐसे में लोगों में यह भी डर है कि इससे बाल विवाह का प्रचलन बढ़ जाएगा। जो संगठन कई सालों से महिला और बाल अधिकार की जंग लड़ रहे हैं, यह उनके लिए बड़ा झटका होगा। मानवाधिकर संगठनों, महिला संगठनों और सिविल सोसाइटी के कार्यकर्ता इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज पर बुरा असर पड़ेगा। बाल विवाह से स्कूली शिक्षा कमजोर हो जाएगी, वहीं इससे जल्द गर्भधारण और घरेलू हिंसा के मामले बढ़ेंगे। बता दें कि यूनीसेफ के आंकड़ों का कहना है कि अब भी इराक में 28 फीसदी आबादी की शादी 18 साल से पहले ही हो जाती है।



## ऑफ बीट

# अब जंग के मैदान में 'युद्ध के कुत्ते' उतारेगा यूक्रेन

रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन एक बेहद बड़ी तैयारी में जुटा है। 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। तब से दोनों ओर से सैकड़ों सैनिक मारे गए हैं। रूस के मुकाबले बेहद छोटा देश के कारण यूक्रेन को अब मानव संसाधनों की कमी से जूझना पड़ रहा है। यही वजह है कि सैनिकों की कमी के कारण अब यूक्रेन ने युद्ध के कुत्तों को मैदान में उतारने का फैसला किया है। यूक्रेन अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में अब यह यूरोपीय देश अपने फ्रंटलाइन पर रोबोटिक कुत्तों की तैनात करेगा। ये अत्याधुनिक मशीनें हैं जिन्हें "बैड वन" (BAD One) के नाम से जाना जाता है। इन रोबोटिक कुत्तों को विशेष रूप से हाई रिस्क वाले मिशनों जैसे कि टोही और बारूदी सुरंगों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में यूक्रेन ने एक अज्ञात स्थान इन रोबोट कुत्तों को टेस्ट किया था जहां वे बेहद असरदार पाए गए। रिमोट कमांड का जवाब देते हुए, रोबोट खड़ा हुआ, झुका, भागा और कूदा। रोबोट ने अपनी अद्भुत फुर्ती का प्रदर्शन किया। उन्होंने ऐसी क्षमताएं प्रदर्शित कीं जो रूस के साथ चल रहे संघर्ष में अमूल्य साबित हो सकती हैं।



## ट्रेंड

### हर घर तिरंगा

आइए फिर से #हरघरतिरंगा को यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदल रहा हूं और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप भी ऐसा करके हमारे तिरंगे का जश्न मनाने में मेरे साथ शामिल हों। **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### मोदी जी का कथन उचित

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा यह आश्वासन देना कि एससी-एसटी वर्ग में क्रीमी लेयर को लागू नहीं करने तथा उनके आरक्षण में कोई उप-वर्गीकरण भी नहीं करने की मांगों पर ग़ौर किया जाएगा, यह उचित व ऐसा किए जाने पर स्वागत योग्य है।
**- मायावती, बसपा सुप्रीमो**



### नीरज का बेहतर प्रदर्शन

कल रात पूरा भारत जाग रहा था, सुनहरे हाथ वाले लड़के के लिए। नीरज चोपड़ा ने अपने टोक्यो ओलंपिक 2020 के स्वर्ण पदक थ्रो में सुधार करते हुए अपना सीज़न सर्वश्रेष्ठ दिया। फिर भी वह स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए।
**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**



### बदलाव के लिए कहें हां

मेरा मानना है कि आप या तो बाहर से स्थायी रूप से आलोचक हो सकते हैं, या आलोचना का हिस्सा बन सकते हैं और चीजों को बदलने की कोशिश कर सकते हैं। अगर आप चीजों में थोड़ा सा भी बदलाव कर सकते हैं, तो आपको हां कहना चाहिए।
**- शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
पेश है
WAGONR
दिल से स्ट्रॉन्ग
ज़बरदस्त फ्यूल–एफिशिएंसी
25.19## km/l (पेट्रोल)^^
CNG वेरिएंट में भी उपलब्ध**
एडवांस्ड K-Series इंजन
आयडल स्टार्ट–स्टॉप के साथ
विशाल केबिन स्पेस
शानदार इंटीरियर्स के साथ
स्मार्टप्ले स्टूडियो
स्मार्टफोन नैविगेशन और 4 स्पीकर्स के साथ
ऑटो गियर शिफ्ट
12+ सेफ्टी फीचर्स
हिल–होल्ड असिस्ट के साथ
100%^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
₹58 100*
तक की बचत
WAGONR
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
HDN MOTORS
RAIPUR:
TATIBANDH: 7909800007, 7909800005.
BAGBAHRA: 7909800034.
KURUD: 7909800050.
SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33.
KAWARDHA :7222910044.
BEMETERA: 7222910025.
BALOD: 7222910012.
DALLIRAJHARA: 7222910029.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: 9669800435, 9039632618.
MAHASAMUND: 8319900585. RAJIM: 9926104449.
BHATAPARA: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922.
PITHORA: 8224949998. CHARODA: 9644824911.
DURG: 6202384986. RAJNANDGAON: 9977039992.
DONGARGARH: 9827643832. BHILAI: 9111107268,
9294603353. KHAIRAGARH: 9827643832.
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: 9893307422, 9584433191. AVANTI VIHAR:
9109900120/9584433131. DHAMTARI: 9893307417. BALODA BAZAR:
9584433123, 9111107004. SARAIPALI: 9584433874. KANKER: 8889998604.
KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301
KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869.
JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR:
MOWA: 6262620000, 6262620012,
6262620047. BASNA: 6262620031.
ARANG: 6262620007/14.
*Offer includes consumer offer, exchange bonus, institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. ^Up to 100% on road funding is provided by select financiers only. ^Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. Terms and conditions apply. Terms and conditions are subject to change without any prior notice. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. **Accessories and features shown in the pictures may not be a part of standard equipment and may vary according to the variant. ##As certified by Test agency under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ^^1.0L VXI AGS petrol variants. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st August, 2024.

## जैकेट के शेष

### 500 करोड़ बकाया...

गृहमंत्री अमित शाह सहित देश के कई केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का आग्रह किया है। फेडरेशन के अध्यक्ष निशांत बंसल ने हरिभूमि को बताया, देशभर के डीलर्स ने हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को वाहन लेने के लिए एडवांस में जहां करोड़ों रुपए दिए हैं, वहीं वारंटी के सामान का भी सौ करोड़ रुपए कंपनी पर बकाया है, इसी के साथ सब्सिडी का भी पैसा है। कुल मिलाकर देशभर के कारोबारियों का पांच सौ करोड़ है, जो कंपनी के पास है। कंपनी प्रबंधन ये पैसे नहीं दे रहा है।

**50 हजार वाहन खराब :** श्री बंसल ने बताया, कंपनी के पांच लाख से ज्यादा वाहन हम कारोबारियों ने देश भर में बेचे हैं। इनमें से 50 हजार वाहन किसी न किसी सामान के खराब होने के कारण चल नहीं रहे हैं। इन वाहनों के लिए कंपनी सामान भी उपलब्ध नहीं करा रही है। कंपनी वाहनों के लिए बैटरी भी समय पर नहीं देती है। ऐसे में कंपनी से ग्राहक का भरोसा उठ गया है। ऐसा होने से डीलर्स को भी परेशानी हो रही है। ग्राहक तो उन डीलर्स के पास आते हैं जिनसे उन्होंने वाहन लिए हैं। अब तो उनका धंधा भी चौपट हो रहा है। कंपनी के कारण अब शोरूम भी बंद होने की स्थिति में हैं। कंपनी ने वाहन भी बनाने बंद कर दिए हैं। कंपनी ने जिन डीलरों से वाहनों के लिए एडवांस लिया है, उसको भी वापस नहीं किया जा रहा है।

### स्वाइन फ्लू की...

स्वाइन फ्लू के चपेट में आने के बाद अपोलो में इलाज करा रही दो महिलाओं की मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया के जिले के निवासी 51 वर्षीय धनेश्वरी पिछले 4 अगस्त से अपोलो में भर्ती थी, उनकी मौत शुक्रवार की सुबह 6 बजे हो गई। वहीं जांजगीर चांपा की निवासी दुल्वरिन रत्नाकर उम्र 65 वर्ष को 6 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन परिजनों ने लामा कराकर मरीज को वापस ले गए। बताया जा रहा है कि दोनों ही महिला को खांसी और बुखार की समस्या थी, इस दौरान स्वास्थ्य ने मरीज के साथ परिवार के सदस्यों का भी सैंपल लेकर जांच कराई है। स्वाइन फ्लू की शिकायत के बाद भर्ती महिलाओं के मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य अधिकारी लगातार भर्ती मरीजों के हालात का जायजा ले रहे हैं। वहीं जिले में 4 स्वाइन फ्लू के मरीज मिलने से अधिकारियों के माथे पर बल पड़ने लगा है।

### सुप्रीम टिप्पणी- बिना ट्रायल...

सर्जरी और कीमोथैरेपी के बीच हिना ने न सिर्फ शूटिंग पर वापसी कर दी है, बल्कि नियमित रूप से जिम भी जा रही हैं। न बीमारी और न ही भारी बारिश, किसी भी चीज को हिना जिम जाने के रास्ते में बाधा नहीं बनने दे रही हैं। हिना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ हिना ने बहुत ही प्रेरक नोट लिखा है। 'आपके पास क्या बहाना है'? 'स्वस्थ जीवनशैली को बनाए रखने के लिए व्यायाम या किसी भी तरह की शारीरिक गतिविधि बहुत जरूरी है। लेकिन जब कोई बीमारी के दौर से गुजर रहा हो तो शारीरिक व्यायाम और भी जरूरी और प्रभावी हो जाता है'। हिना ने आगे लिखा, 'मैं खुद को गिरने नहीं दूंगी। मैं हर बार उठूंगी और उठने के लिए जो ताकत दिखाती हूं, उससे मुझे परिभाषित किया जाएगा।

हर बार जब मुझे लगता है कि मैं उठकर काम नहीं कर सकती, तो मैं और जोर लगाती हूं, क्योंकि मेरे पास मेरी ताकत, मेरी आत्मा और मेरी इच्छाशक्ति के अलावा आखिर और क्या है।..? तो वर्कआउट करने के लिए आपके पास क्या बहाना है? 'नियमित रूप से व्यायाम करने से न सिर्फ आप शारीरिक रूप से मजबूत बनते हो, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी पोषण देता है। और हमारे दिमाग का सेहतमंद होना बहुत ही जरूरी है।



हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल एंड वूल्वरिन ने तोड़े रिकॉर्ड

**मुंबई।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' वैश्विक स्तर पर कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ रही है। शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी अपना कब्जा जमाया हुआ है। हालांकि, अब इसके कलेक्शन में गिरावट देखा जा रहा है। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत इस फिल्म की 14वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। फिल्म ने गुरुवार को 1.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इससे फिल्म की अब तक की कुल कमाई 117.85 करोड़ रुपए हो गई है।

# सिंगर टेलर स्विफ्ट ने रद्द किए 3 शोज

लॉस एंजिलिस। ऑस्ट्रिया में हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट के शो में घातक हमला हुआ। पुलिस ने हमले की साजिश रचने के संदेह में तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनसे पूछताछ की है। इन लोगों पर आरोप है कि ये वियना में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में हमले की साजिश रच रहे थे। देश के आंतरिक मंत्री गेरहार्ड कार्नर के अनुसार, विदेशी खुफिया एजेंसियों ने अधिकारियों को इसे उजागर करने में मदद की। अमेरिका ने वियना में अधिकारियों को चेतावनी भी जारी की है। इवेंट के आयोजकों ने तीन कॉन्सर्ट रद्द कर दिए, जो गुरुवार से शनिवार तक वियना में होने वाले थे। हैजावी पिरचनर ने गुरुवार को वियना में कहा, 'उसने कहा कि उसका इरादा विस्फोटकों और चाकुओं से हमला करने का था। उसका उद्देश्य इवेंट के दौरान खुद को और बड़ी संख्या में लोगों को मारना था।'



# 9 जनवरी 2026 को रिलीज होगी 'एनटीआर 31'

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। एनटीआर ने जहां अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता से देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी फैंस कमाए हैं। वहीं, प्रशांत नील ने अपने करियर की तीसरी फिल्म 'केजीएफ 2' से इतिहास रच दिया। वह 1000 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली फिल्म के निर्देशक बनें। इन दोनों हस्तियों ने आगामी फिल्म



'एनटीआर 31' के लिए हाथ मिलाया है। पिछले साल मई 2022 में इस फिल्म की घोषणा की गई थी, जिसमें एनटीआर बतौर अभिनेता प्रशांत नील के निर्देशन में काम करने वाले हैं। मैथ्री मूवी मेकर्स ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस फिल्म को लेकर जानकारी दी है। प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की ये फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जाएगा।

# 'यह स्टारडम का असर...,' बच्चों की ट्रोलिंग पर गुरमीत की दो टूक



**नई दिल्ली।** गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी की गिनती टेलीविजन के पावर कपल में होती है। यह जोड़ा अक्सर अपनी जिंदगी से जुड़ी झलकियों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करता नजर आता है। साथ ही प्रशंसकों को भी कपल की पोस्ट पर दिल खोलकर प्यार लुटाते देखा जाता है। हालांकि, मनोरंजन जगत के अन्य सितारों की तरह यह जोड़ा भी ट्रोलिंग की मार से अछूता नहीं रहा है। सोशल मीडिया पर एक ऐसा वर्ग है जो उन्हें और उनके बच्चों को भी ट्रोल करता है। लेकिन, गुरमीत को लगता है कि यह मशहूर होने का सबसे बड़ा जाल है और इसका असर उन पर या उनके परिवार पर नहीं पड़ता। गुरमीत कहते हैं, 'मैं ट्रोलिंग पर प्रतिक्रिया नहीं देता। जब मुझे लगता है कि सोशल मीडिया पर कोई जानबूझकर मुझे परेशान कर रहा है तो मैं उस टिप्पणी को छोड़ देता हूं। मैं सोशल मीडिया पर अच्छी टिप्पणियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं और यही वह चीज है जिसका मैं अभ्यास करता हूं। मेरा ध्यान हमेशा अच्छी और सकारात्मक टिप्पणियों और मेरे काम के बारे में आलोचकों की टिप्पणियों पर रहता है। इरादा यह जानना है कि मैं कैसे आगे बढ़ रहा हूं और मैं अपनी कला में बेहतरी लाने के लिए रास्ता कैसे सुधार सकता हूं। मैं ट्रोल्स को पूरी तरह से नजरअंदाज करता हूं।'

# पपाराजी पर फिर भड़कीं मांगनी पड़ी माफी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू का अक्सर पपाराजी से 36 का आंकड़ा देखे को मिलता है। वह हमेशा उनसे भिड़ती दिखाई देती हैं, जिस कारण लोग उन्हें दूसरी जया बच्चन भी कहते हैं। अब उनका एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसमें वह किसी इवेंट में पहुंची थीं और वहां पर वह पैप्स से कुछ ऐसा बोलती दिखाई दीं। दरअसल, तापसी पन्नू थिएटर के पीछे के गेट से निकलती हैं। इस दौरान उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी होते हैं, जो उन्हें कार तक ड्रॉप करके आते हैं। इस दौरान हुआ ये कि फोटोग्राफर ने उनका क्लोज शॉट लेने की कोशिश की। जिससे एक्ट्रेस काफी घबरा गईं और असहज महसूस करने लगीं। वह तुरंत जोर से बोली, 'आप चढ़िए मत। आप चढ़ के आएंगे तो आप मुझे डरा रहे हैं।' जैसे ही तापसी अपनी कार के पास पहुंची, पैप्स के साथियों ने उससे कहा कि वह सॉरी बोल दे, जिसके बाद उस पपाराजी ने किया भी।



# जॉन ने बताई पत्रकार से झड़प की वजह



**नई दिल्ली।** जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी नई फिल्म वेदा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। बीते दिनों फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान एक पत्रकार से बहस को लेकर भी उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी थी। पत्रकार के पूछे गए सवाल पर भड़कते हुए एक्टर ने उसे इडियट कह दिया था। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में जॉन ने ट्रेलर रिलीज के दौरान पत्रकार के साथ अपने व्यवहार को उचित ठहराया है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### मैनेजर/टीचर

**अर्जेंट आवश्यकता है-** पारस इंस्टीट्यूट भाटागांव रायपुर, मार्केटिंग मैनेजर-1, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव-3, कंप्यूटर टीचर -3, टैली टीचर-2, ग्राफिक्स डिजाइनर टीचर -2, डिजिटल मार्केटिंग- 2, फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव -2 ऑफिस ब्वॉय - 2, सर्वेयर - 2, **पता- महावीर स्वीट्स के पास, भाटागांव चौक , रायपुर, संपर्क-** 9098138778, 6263903865. (RO-6451)

### मैनेजर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** पंडरी स्थित मेंस क्लॉथिंग शोरूम में काम करने हेतु मेल स्टोर मैनेजर, सेल्समेन एंव हेल्पर्स की आवश्यकता है। **संपर्क करें:-** 9039709007. (RO-7359)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** दुर्ग में टैक्सी चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवरों की तत्काल आवश्यकता है **संपर्क करें:- मो.** 7224062041, 93017 44445. (आरो न.-555)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिनको संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैद्य लाइसेंस के साथ संपर्क करें वेतन 15000/- तक, रहने की सुविधा **उपलब्ध- देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग, रायपुर. मोबाइल -** 8959910211. (RO-1621)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** पुणे/मुम्बई लाईन में कैन्टर (12 टन) चलाने हेतु कुशल डायवरों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, भत्ता एवं अन्य सुविधायें परिवार वालो को ही प्राथमिकता। **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स,** BSNL **आफिस के सामने जय गोपाल सोसायटी फाफाडीह चौक रायपुर** 9329425583. (RO-231)

### फोटोशॉप वर्क

**आवश्यकता है-** फ्लैक्स दुकान में कार्य करने हेतु कोरल-ड्रा एवं फोटोशॉप के जानकार/ अनुभवी ही **संपर्क करें- सत्या फ्लैक्स, बुद्धविहार के सामने, जी.ई. रोड, चरौदा, भिलाई,** 9098701502, 9329665817. (RO-7455)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कलेक्शन एर्जेसी को आवश्यकता है : टेलीकॉलर-10 पद। ग्रेजुएट ,कम्प्यूटर की जानकारी अनिवार्य. वेतन 12000 + , अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क : आरडीए कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 15 फर्स्ट फ्लोर न्यू राजेंद्रनगर, रायपुर. :** 7611107557, 7611107533. (RO-540)

### कुक

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री कैंटीन के लिए हेड कुक जो खाना बनाने और कैंटीन मैनेज करने में निपुण हो, की आवश्यकता है। **स्थान सरोरा, ग्राम तिल्दा, रायपुर संपर्क करें- फोन** 9109164652. (RO-3716)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** मैसर्स-शारदा प्रसाद साव पेट्रोल पंप अवंती बाई चौक कोहका रोड भिलाई में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़कों (DSM) की आवश्यकता है। Mob- 7692888808, 9926123539, 8319153895. (आरो न.-552)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:-** 9329103178. (RO-2903)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में कार्य किये हुए स्मार्ट लड़के की आवश्यकता है। 2-3 साल अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स** BSNL**आफिस के सामने जय गोपाल सोसायटी फाफाडीह चौक रायपुर** 9329425583. (RO-230)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED **434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:-** 7746000016, 7747000019. (RO-2915)

### लेबर

**आवश्यकता है-** तुरंत आवश्यकता है राजनांदगांव के पास फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। परिवार वालों (पति-पत्नि) को प्राथमिकता। **संपर्क करें-** 89599-04541. (आरो नं -6360)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### साफ सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा ऑफिस रायपुर में काम करने साफ सफाई झाड़ू पोछा बाथरूम चाय बनाने आदि के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है **संपर्क करें** 62600-77826. (आरो न.-556)

### केयर/टेकर

**आवश्यकता है-** चंदखुरी रायपुर स्थित कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर/ केयर टेकर/ कुत्तों की देखभाल, खाना खिलाने का काम है. वेतन 9000 रूपये, खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी **संपर्क न करें.- मो.** 9981116210. (RO-7500)

### टेलीकॉलिंग/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस में हिंदी कॉलिंग हेतु महिलाओं एवं युवतियों की आवश्यकता है वेतन- 6000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाए 12000 से 15000 हर महीने। **सम्पर्क करें-** 9630020634. (RO-35050)

**आवश्यकता है-** दुर्ग एवं भिलाई ऑफिस में टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक । वेतन- 4000 + कमीशन । **संपर्क - मो. -** 9131259311, 9685734144. (आरो न.-554)

**आवश्यकता है-** इंदौर (एमपी) में ऑफिस कार्य हेतु (18 से 28वर्ष) 10वी, 12वी, स्नातक लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा। **सम्पर्क करें-** 9575712101, 7389318055. (RO-1423)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### अन्य

**आवश्यकता है-** जिलानुसार फॉरेस्ट कम्पनी डिपार्टमेंट को 1150/- लड़के लड़कियों की योग्यता (8वी -ग्रेजुएट), सैलरी (32500-64500) रहना +खाना फ्री पद वनरक्षक , फील्डऑफिसर , ड्राइवर, गनमैन इच्छुक व्यक्ति / रिटायर्डफौजी अपना फोटो , आधारकार्ड , मार्कशीट , **व्हाट्सएप करें -** 9120184952. (RO-389)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें-** 7003467406 , 7645886307. (RO-383)

**आवश्यकता है-** (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 6267324667. (RO-1329)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** लोन ! लोन! लोन धानी फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्क :-** 8964853756. (RO-390)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर-** 7477221345, 9977676447, **बिलासपुर -** 8359913999, 9589288936, **रायगढ़-** 7869755871. (RO-2894)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** सेजबहार हाउसिंग के पास कॉलोनी में 3500 वर्गफीट प्लाट 29लाख में, बोरियाखुर्द साई विहार में 1700 वर्गफीट 23लाख में, 600 वर्गफीट 7लाख, डोमा में 2000 वर्गफीट आदिवासी प्लाट 9लाख में **संपर्क:-** 8964000029. (RO-2921)

### जमीन

**जमीन बेचना है-** बोरीगारका उतई जिला दुर्ग मे गर्व कॉलेज से एक किलोमीटर पहले मकान बनाने योग्य 2200 वर्गफुट जमीन बेचना है मेनरोड से मात्र 50 मीटर अंदर गर्व इंजिनियरिंग कॉलेज के पहले 650 रूपये स्क्वायरफ़ीट मे तुरंत बेचना है जमीन 40x55 है **संपर्क-** 7024635415, 8717890000. (आरो न.-557)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** ढाबा किराये पर देना है 300 ट्रक पार्किंग में जो की 2000 वर्गफीट में निर्मित है को चलाने के लिए किराये पर देना है। सम्बंधित व्यक्ति **संपर्क करें-** 7000681407 **पता- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर।** (RO-2919)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844




जय श्री बालाजी
श्री बालाजी ग्रुप ऑफ कम्पनीज़ की प्रस्तुति
THE GREAT INDIAN
SHOPPING FESTIVAL
रक्षाबंधन स्पेशल ऑफर
RAKSHA BANDHAN
राखी और रुमाल ले जायें फैक्ट्री रेट में
डायमण्ड स्टोन फैंसी राखियाँ
50/- से 100/- वाली
मात्र ₹150 में 12 पीस
रेशमी डोरी की फैंसी राखियाँ
मात्र ₹30 में 12 पीस
कॉटन रुमाल
30/-, 40/-, 50/- में मिलने वाले रुमाल
मात्र 10/- व 20/- में
साड़ियां ही साड़ियां
(ख़ास वैवाहिक, पार्टीवेयर एवं लेनदेन की साड़ियों का अभूतपूर्व सेल)
50000 सिल्क साड़ियां बिलकुल आधी कीमत पर
5000 रु से 6000 रु कीमत वाली
कांजीपुराम, बनारसी, हैवी वर्क
सिल्क साड़ी समर स्पेशल साड़ियां -
पूनम, शिफॉन, जॉर्जेट
₹199 एवं ₹249
ब्राण्डेड डाऊन शोल्डर, टी-शर्ट, कॉलर टी-शर्ट,
फुल टी-शर्ट, गोल गला टी-शर्ट
₹99 से ₹499 में
ब्राण्डेड फॉर्मल
पार्टी वियर
प्रिमियम क्वालिटी
₹199 से ₹499 में
ब्राण्डेड जींस बैगी, जींस, कार्गो जींस
₹499
₹699
₹999
ब्राण्डेड कुर्ती जयपुरी,
बॉम्बे फेंसी लखन चिकन,
रायन डेली वियर
₹499 व
₹999 में
किड्स वियर
जींस, ट्राऊजर, टी-शर्ट, कार्गो
मात्र ₹99 से ₹299 तक
लेडिस जींस
मात्र ₹99 से ₹499
sumit
स्थान :
गुरुतेग बहादुर हॉल
जल्दी करें.. सेल सिर्फ 3 दिनों के लिए
गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट
नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर

# जर्मनी का इस्पात उद्योग भारत के लिए चुनौती बन सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मनी के प्रस्तावित निम्न उत्सर्जन इस्पात मानक (एलईएसएस) से भारतीय उद्योग के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न होने की आशंका है, जो पहले से ही कम निर्यात, अधिक आयात और यूरोप के कार्बन कर से जूझ रहा है।

■ भारत का उद्योग पहले ही कम निर्यात से जुझ रहा

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में यह बात कही। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, भारत का इस्पात निर्यात 2021-22 में 31.7 अरब डॉलर से 31.2 प्रतिशत घटकर 2023-24 में 21.8 अरब डॉलर रह गया है। आयात 37 प्रतिशत बढ़कर 17.3 अरब डॉलर से 23.7 अरब डॉलर हो गया है, जिससे भारत शुद्ध आयातक बन गया है।

## अधिक आयात और यूरोप के कार्बन कर से उद्योग के सामने परेशानी

### कानूनी रूप से भारत बाध्य नहीं होगा

इसमें कहा गया, भारतीय इस्पात उद्योग जर्मनी के नए इस्पात मानक का पालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है, लेकिन इसकी अनदेखी करने से घरेलू निर्यात को नुकसान हो सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''वैश्विक बाजार कम कार्बन वाले उत्पादों की मांग कर रहे हैं। एलईएसएस के साथ तालमेल नहीं बैठाने वाले भारतीय इस्पात उत्पादकों को प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है।''

*इस्पात विनिर्माण में उत्सर्जन कम होगा : यह कई देशों द्वारा बेहतर प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा स्रोतों के इस्तेमाल के जरिये इस्पात विनिर्माण में उत्सर्जन में कटौती करने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में नवीनतम कदम है। यूरोपीय संघ का सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र) या कार्बन कर ऐसा ही एक उपाय है।*



*इस्पात को पांच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया : इसे 2024 के अंत में पेश किया जाना है। एलईएसएस इस्पात उत्पादों को उनके कार्बन और 'स्क्रैप' सामग्री के आधार पर पांच श्रेणियों में वर्गीकृत करता है। अल्ट्रा-लो एमिशन क्लास 'ए' से लेकर हाई एमिशन क्लास 'ई' तक हैं। श्रेणी 'ए' में सबसे कम सीओ2 उत्सर्जन होता है, जबकि श्रेणी 'ई' में सबसे अधिक, जबकि 'बी', 'सी' और 'डी' इनके बीच में आते हैं।*

### कार्बन कर जनवरी 2026 से लागू होगा

यूरोपीय संघ ने सीबीएएम या कार्बन कर लगाने का फैसला किया है जो एक जनवरी 2026 से लागू होगा। हालांकि, इस साल अक्टूबर से इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, एल्यूमीनियम और हाइड्रोकार्बन उत्पादों सहित सात कार्बन-गहन क्षेत्रों की घरेलू कंपनियों को यूरोपीय संघ के साथ कार्बन उत्सर्जन के संबंध में डाटा साझा करना होगा।

### कार्बन डाइऑक्साइड के आधार पर वर्गीकरण

एलईएसएस, एक स्वैच्छिक 'लेबलिंग' कार्यक्रम है जो इस्पात के पूर्व-उत्पादन और उत्पादन चरणों के दौरान उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड के आधार पर इस्पात को वर्गीकृत करता है। जीटीआरआई ने कहा कि एलईएसएस को जर्मन स्टील फेडरेशन (डब्ल्यूवी स्टाहल) और संघीय आर्थिक एवं जलवायु संरक्षण मंत्रालय (बीएमडब्ल्यूके) द्वारा विकसित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी को श्रीनगर में मिला 15 हजार करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** कंपनी एनबीसीसी को श्रीनगर में 406 एकड़ की सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की 15,000 करोड़ रुपये की परियोजना का ठेका मिला है। उसे यह ठेका श्रीनगर विकास प्राधिकरण से मिला है। इसके तहत जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के बेमिना में 406 एकड़ में सैटेलाइट टाउनशिप का विकास करना होगा।

### सेबी ने निप्पॉन लाइफ पर जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड और निप्पॉन लाइफ इंडिया ट्रस्टी लिमिटेड पर कुल तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के बहीखातों में कुल व्यय अनुपात शुल्क लगाने से संबंधित है। दो लाख रुपये और निप्पॉन लाइफ इंडिया ट्रस्टी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगा है।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का लाभ 41 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा कि अन्य डिजिटल पेशकश के साथ डिजिटल बचत बैंक खातों में बढ़त के बीच जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 7.2 करोड़ रुपये हो गया। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही के नतीजे जारी करते हुए कहा कि पहली बार उसका तिमाही राजस्व बढ़कर 610 करोड़ रुपये हो गया।

## वैश्विक बाजार में रही खरीदारी

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 820 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में

- रिलायंस, इंफोसिस में बढ़ा निवेश
- सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयर रहे लाभ में
- बाजार खुलते ही सेंसेक्स हजार अंक से अधिक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 820 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 819.69 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,705.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 1,098.02 अंक तक चढ़ गया था।

### सेंसेक्स के मात्र दो शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत उछलकर 24,367.50 अंक पर बंद हुआ।

### अमेरिका में मंदी की आशंका दूर हुई: जियोजीत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका में बेरोजगारी दावों के सकारात्मक आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर हुई है। इससे बाजार पर अच्छा असर पड़ा है।''

### बाजार में मजबूती आनी शुरू: रेलिगेयर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''बाजार में मजबूती आनी शुरू हो गयी है। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक संकेत से सेंसेक्स व निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए।''



### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में सकारात्मक रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को लाभ में रहे थे।

### विदेशी निवेशकों ने बेचे शेयर

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 2,626.73 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल रहा।

*मिडकैप में रहा अच्छा उछाल: बीएसई मिडकैप 1.21 प्रतिशत प्रतिशत उछला जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत मजबूत हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 1,276.04 अंक यानी 1.57 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 350.2 अंक यानी 1.41 प्रतिशत टूटा है।*

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे।

### ओला 20 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 76 रुपये से 20 प्रतिशत के उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.99 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में शेयर ने शानदार वापसी की और यह 19.97 प्रतिशत की छलांग लगाकर 91.18 रुपये पर बंद हुआ। यह इसकी ऊपरी सर्किट सीमा है।

# फर्जी कॉल करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने फर्जी (स्पैम) कॉल करने वालों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के तहत कहा कि दूरसंचार कंपनियां उन संस्थाओं के दूरसंचार संसाधनों को बंद कर देंगी, जो फर्जी कॉल करने के लिए थोक कनेक्शन का दुरुपयोग करेंगी। ट्राई ने यह भी कहा कि ऐसी संस्थाओं को सभी परिचालक दो साल तक के लिए काली सूची में डालेंगे। नियामक ने गलत प्रथाओं का इस्तेमाल करने वाली संस्थाओं को एक कड़ा संदेश भेजते हुए कहा कि वॉयस कॉल/ रोबो कॉल/ प्री-रिकॉर्डेड कॉल के लिए ''पीआरआई/ एसआईपी कनेक्शन'' का इस्तेमाल करने वालों पर बिना किसी देरी के सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।




■ ट्राई दुरुपयोग करने वालों को काली सूची में डालेगी

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने एक दिन पहले यह कहा था कि नियामक फर्जी कॉल को रोकने के लिए नियमों की समीक्षा करेगा और उन्हें मजबूत करेगा। ट्राई ने सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के विनियामक अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

### ट्राई ने विचार विमर्श के बाद लिया निर्णय

ट्राई ने एक बयान में कहा कि विस्तृत विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि अगर कोई इकाई फर्जी कॉल करने के लिए अपनी एसआईपी/ पीआरआई (सेशन इनिशिएशन प्रोटोकॉल/ प्राइमरी रेट इंटरफेस) लाइनों का दुरुपयोग करती है, तो इकाई के सभी दूरसंचार संसाधनों को उसके दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) द्वारा बंद कर दिया जाएगा।

# दुबई प्रॉपर्टी शो रायपुर 2024 : प्रॉपर्टी निवेशकों के लिए एक अनोखा अवसर




**रायपुर।** दुबई प्रॉपर्टी शो रायपुर 2024, 11 और 12 अगस्त को सयाजी होटल में आयोजित होने वाला है। यह आयोजन प्रॉपर्टी निवेशकों और रियल एस्टेट शौकीनों के लिए एक विशेष अवसर प्रस्तुत करेगा, जिसमें दुबई के प्रीमियम रियल एस्टेट का प्रदर्शन किया जाएगा। इस शो में दुबई के प्रमुख डेवलपर्स जैसे एमार, दमक, सोभा और अलदार अपनी विश्वस्तरीय आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं की पेशकश करेंगे। ये डेवलपर्स निवेशकों को आकर्षक रेंटल प्रॉपर्टी के अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रॉपर्टी शो की विशेषता यह है कि यह निवेशकों को एक व्यापक एंड-टू-एंड सेवा प्रदान करता है, जिसमें प्रॉपर्टी खरीदने से लेकर उसके प्रबंधन तक की सुविधाएं शामिल हैं। यह एक ऐसा आयोजन है जहाँ ग्राहकों को न केवल ब्रोकिंग सेवाएं मिलती हैं, बल्कि प्रॉपर्टी मैनेजमेंट की सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं, जिससे निवेश प्रक्रिया पूरी तरह से सुगम हो जाती है।

दुबई में निवेश करने के लाभ कई हैं। यह यूएई, जो भारत के प्रमुख शहरों से केवल 2.5 घंटे की उड़ान की दूरी पर है, निवेशकों को सुरक्षा और आसान पहुंच का अनुभव कराता है।

# रायपुर में अनुष्का रियलिटीज की ओपनिंग आज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश करने वाले विशेषकर पहली बार प्रॉपर्टी लेने वालों के लिए अनुष्का रियलिटीज ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस कंपनी की ओपनिंग आज बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर के कर-कमलों से की जाएगी।

Anushka REALTIES
Turning Dreams into keys

अनुष्का रियलिटीज डेवलपर्स और ग्राहकों के बीच सेतु का कार्य करेगी, जो रियल एस्टेट निवेश की जटिलताओं को सरल बनाने का उद्देश्य रखती है। अनुष्का रियलिटीज के डायरेक्टर अंकुर अरोरा, जो खुद 29 साल के कार्य अनुभव में से 14 साल रियल एस्टेट सेक्टर में रहे हैं, ने बताया कि उनकी कंपनी पूरी तरह से अनुभवी टीम के साथ काम कर रही है।

अरोरा ने कहा कि उनकी कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को प्रॉपर्टी से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे सही निर्णय ले सकें और डेवलपर्स को अधिकतम बिक्री का अवसर मिले।

# बालको मेडिकल सेंटर में पेसमेकर रोगी के जबड़े की सफल कैंसर सर्जरी

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने विनोद (परिवर्तित नाम) की एक अत्यंत जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की।




विनोद निचले जबड़े की हड्डी से जुड़े मुंह के कैंसर से पीड़ित थे और उनके बाएं पैर में जन्मजात हड्डी की विसंगति और छाती में पेसमेकर भी था। विनोद को ट्यूमर हटाने और घाव के पुनर्निर्माण के लिए सर्जरी की सलाह दी गई। ट्यूमर में निचले जबड़े की हड्डी और गाल की चमड़ी शामिल थी, जिससे गाल की चमड़ी और हड्डी के एक हिस्से को हटाना आवश्यक था। डॉ. दीपमाल्या चटर्जी, वरिष्ठ सलाहकार प्लास्टिक सर्जन ने सर्जरी की योजना बनाई गई। डॉ. आलोक स्वैन, चिकित्सा अधीक्षक और एनेस्थिसियोलॉजी के प्रमुख ने कहा, मोनोपोलर कॉटरी का उपयोग पेसमेकर को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए बाइपोलर या अल्ट्रासोनिक ऊर्जा का उपयोग किया गया। 15 घंटे की सर्जरी के बाद, ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया गया और पुनर्निर्माण किया गया। मरीज को आईसीयू में भर्ती रखा गया, और दो दिनों के भीतर वह वॉकर की मदद से चलने लगे। सर्जरी के 11 दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

डॉ. मौ रॉय, बीएमसी के क्लिनिकल डायरेक्टर और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के प्रमुख ने कहा, यह सर्जरी हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण मामला था, लेकिन हमारी पूरी टीम ने इसे सफलतापूर्वक किया।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

# एनएसई में पांच माह में एक करोड़ निवेशक जुड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कहा कि उसके पंजीकृत निवेशकों की संख्या 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है, जिसमें एक करोड़ की बढ़ोतरी सिर्फ पांच महीनों में हुई है।

डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि, निवेशक जागरूकता में वृद्धि, वित्तीय समावेशन और बाजार के सतत प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में निवेशक आधार में तीन गुना से अधिक का उछाल देखा गया है। एक्सचेंज ने एक बयान में कहा, 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर पंजीकृत निवेशकों का आधार आठ अगस्त, 2024 को 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया।'

### खातों की संख्या 19 करोड़ हो गई

इसके साथ ही एक्सचेंज में पंजीकृत




ग्राहक कोड (खातों) की कुल संख्या 19 करोड़ हो गई है। इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं। खास बात यह है कि ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण करा सकते हैं।

### वृद्धि का श्रेय कई कारकों को

अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, ''इस वृद्धि का श्रेय कई प्रमुख कारकों को दिया जा सकता है, जिसमें सुव्यवस्थित 'अपने ग्राहक को जाने'' (केवाईसी) प्रक्रिया, अंशधारकों की अगुवाई वाले निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा सुगम वित्तीय साक्षरता में वृद्धि और सकारात्मक बाजार धारणा शामिल है।''

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# ओलंपिक के समापन समारोह में मनु व श्रीजेश होंगे भारत के ध्वजवाहक



एजेंसी ▸▸| पेरिस

मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। श्रीजेश के नाम पर अंतिम मोहर लगाने से पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने नीरज चोपड़ा से भी बात की और उन्होंने कहा कि भाला फेंक यह स्टार एथलीट भी चाहता था कि पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले हॉकी खिलाड़ी को ही यह सम्मान मिलना चाहिए।

### नीरज के खेल भावना की सराहना : ऊषा

पिछले ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीत कर भारतीय खेलों के इतिहास में नया पन्ना जोड़ा। उषा ने बयान ने कहा, ''मैंने नीरज चोपड़ा से बात की और मैं उनकी खेल भावना की सराहना करती हूं क्योंकि वह इस बात पर सहमत थे कि समापन समारोह में श्रीजेश को ही ध्वजवाहक होना चाहिए।''




### श्रीजेश इनकी भी पसंद थे

उन्होंने कहा, ''नीरज ने मुझसे कहा, मैडम अगर आप मुझसे नहीं पूछती तब भी मैं श्री भाई के नाम का ही सुझाव देता। इससे पता चलता है कि नीरज भारतीय खेलों में श्रीजेश के योगदान को कितना अधिक सम्मान देते हैं।''उषा ने कहा कि श्रीजेश भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग सहित भारतीय ओलंपिक संघ के नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे।

### आईओए का बयान

आईओए ने बयान में कहा, ''भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे।''

### श्रीजेश एशियाई खेलों के समापन में ध्वजवाहक थे

श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह संन्यास ले लेंगे। भारत ने कांस्य पदक के मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर श्रीजेश को शानदार विदाई दी। श्रीजेश हांगझोउ एशियाई खेलों के समापन समारोह में भी भारत के ध्वजवाहक थे।

### समापन समारोह में गायेंगी 'हर'

पेरिस ओलंपिक में समापन समारोह के दौरान पांच बार की ग्रैमी विजेता और 'हर' के नाम से मशहूर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए 'हैंडओवर' के अंतर्गत स्टेड डि फ्रांस में अमेरिका का राष्ट्रगान गायेंगी। 'हर' ने अपने शानदार करियर के दौरान ऑस्कर, एमी और ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। कैलिफोर्निया की 27 वर्षीय गायिका ने 'आई कांट ब्रीद' के लिए 2021 में 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गीत' का ग्रैमी पुरस्कार जीता था। लॉस एंजिलिस 1984 और 1932 के बाद 2028 में तीसरी दफा ओलंपिक की मेजबानी करेगा। यह शहर पहली बार पैरालंपिक की मेजबानी भी करेगा।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 32 | 25 | 21 | 78 |
| 2 | अमेरिका | 31 | 39 | 38 | 108 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 16 | 14 | 48 |
| 4 | ब्रिटेन | 14 | 20 | 23 | 57 |
| 5 | फ्रांस | 14 | 20 | 22 | 56 |
| 66 | भारत | 00 | 01 | 05 | 06 |

### आज भारत का कार्यक्रम

गोल्फ : महिलाओं का व्यक्तिगत फाइनल : अदिति अशोक और दीक्षा डागर - दोपहर 12.30 बजे से

कुश्ती : महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल : रीतिका हुड्डा बनाम बर्नाडेट नागी (हंगरी) - दोपहर 2.51 बजे से

### विनेश के मेडल का फैसला ऑस्ट्रेलिया की जज करेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को मेडल मिलेगा या नहीं, अब इस पर सीएएस ने एक और अपडेट दिया है। इसमें बताया गया है कि सीएएस की एडहॉक डविीजन ने वनिेश फोगाट के मामले में एप्लीकेशन को रजस्टिर कर लिया है। वनिेश ने ओलंपकि में खुद के अयोग्य (डसिक्वालफिाई) होने के बाद भावुक पोस्ट में रिटायरमेंट का फैसला कयिा था। वहीं विनेश को मेडल मिलेगा या नहीं मामले की मध्यस्थता एक ऑस्ट्रेलियाई जज कर रही हैं। वहीं ओलंपकि खत्म होने से पहले इस पर फैसला आ सकता है।

## भारत को मिल गया छठा मेडल सहरावत ने कुश्ती में जीता ब्रॉन्ज

### अमन ने पुअर्तो के डारियान टोई क्रूज को 13-5 के अंतर से हराया

एजेंसी ▸▸| पेरिस

भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। 21 वर्षीय अमन ने कांस्य के लिए खेले गए मुकाबले में पुअर्तो रिको के डारियान टोई क्रूज को 13-5 के अंतर से हराया। इससे पहले, छत्रसाल अखाड़े के प्रतिभाशाली पहलवान अमन ने गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल में दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइल में जापान के शीर्ष वरीय रेई हिगुची से एकतरफा अंदाज में हार गए थे। अमन भले ही गुरुवार को पदक पक्का करने से चूक गए थे, लेकिन उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और देश को पेरिस खेलों में छठा पदक दिला दिया। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अब तक पांच कांस्य और एक रजत सहित कुल छह पदक जीते हैं।



### शुरुआत से ही मुकाबले में आगे रहे अमन

पहले राउंड में ही अमन 6-3 से आगे चल रहे थे। दूसरे राउंड में अमन ने इस बढ़त को और आगे बढ़ाया और क्रूज को कोई मौका नहीं दिया। इस तरह अमन सहरावत ने जीत हासिल की। अमन पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान थे। हालांकि, उन्होंने कुश्ती में पदकों के सिलसिले को बरकरार रखा।

### भारत 2008 से हर कुश्ती जीतते आ रहा

*भारत 2008 बीजिंग ओलंपिक के बाद से हर ओलंपिक में कुश्ती में पदक जीत रहा है। 2008 में सुशील कुमार ने कांस्य, 2012 में सुशील ने रजत और योगेश्वर दत्त ने कांस्य, 2016 में साक्षी मलिक ने कांस्य, 2020 टोक्यो ओलंपिक में रवि दहिया ने रजत और बजरंग पूनिया ने कांस्य पदक जीता था। अमन का यह पहला ओलंपिक था और उन्होंने अपने पहले ही ओलंपिक में कांस्य पदक जीत लिया है। अमन ने इस तरह ओलंपिक में कुश्ती में भारत का पदक का खाता खोला। विनेश फोगाट के अयोग्य करार दिए जाने के बाद निराशा में डूबे भारत को उन्होंने खुशियां दी हैं।*

## भारतीय पुरुष और महिला रिले टीम फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करने में विफल

एजेंसी ▸▸| पेरिस

भारतीय पुरुष 4x400 मीटर रिले टीम शुक्रवार को यहां पेरिस ओलंपिक में उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी और हीट रेस (शुरूआती रेस) में कुल 10वें स्थान पर रहने के कारण अंतिम राउंड में जगह बनाने से चूक गई। मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी ने हालांकि सत्र का सर्वश्रेष्ठ तीन मिनट और 0.58 सेकंड का समय निकाला। लेकिन दूसरी हीट में सातवें स्थान पर रहीं जिससे उसने 16 टीमों में से कुल मिलाकर 10वां स्थान हासिल किया। दोनों हीट में से प्रत्येक में शीर्ष तीन टीम



तथा दोनों हीट में अगली दो सबसे तेज टीमें फाइनल राउंड में पहुंचती हैं। बोत्सवाना (2:57.76), ब्रिटेन (2:58.88) और अमेरिका (2:59.15) की टीम शीर्ष तीन पर रहीं जबकि जापान 2:59.48 के समय के साथ चौथे स्थान पर था।

### महिला रिले टीम 15वें स्थान पर

*महिलाओं की 4x400 मीटर रिले टीम भी पहले दौर की हीट में भाग लेने वाले 16 देशों में 15वें स्थान पर रहने के बाद क्वालीफाई करने में असफल रही। विथ्या रामराज, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:32.51 का समय निकाला और हीट नंबर दो में आठवें और आखिरी स्थान से कुल 15वें स्थान पर रही।*




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

हॉंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी हॉंडा - 9785823333, ग्रैंड हॉंडा - 0771-4033794, वरूण हॉंडा - 0771-4005901, जी.के. हॉंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री हॉंडा - 9893728947, भिलाई: आन हॉंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 626909005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, जुनवानी रोड (माईलस्टोन स्कूल) - 8305224906, दुर्ग: श्री सांईराम हॉंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप हॉंडा - 07744-223100, मनराज हॉंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन हॉंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ हॉंडा - 7587764225, 9406082344, बलौदा बाजार: किरण हॉंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा हॉंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा हॉंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम हॉंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू हॉंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी हॉंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ हॉंडा - 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




# 52 लाख के सोने-चांदी के जेवरों व नकद के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के 7 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सीपत के दामोदर ज्वेलरी शॉप में लाखों रूपए की चोरी और प्रदेश के अलग-अलग शहरों में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अंतर्राज्यीय गिरोह के 7 सदस्यों को पकड़ने में बिलासपुर पुलिस ने सफलता पा ली है। इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं एक आरोपी को दूसरे जिले से शहर लाया जा रहा है। आरोपियों के पास से 4 लाख रुपए नकद सहित 52 लाख रुपए सोने चांदी के जेवर, कार, बाइक सहित अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा, बालोद, बलौदा बाजार, अम्बिकापुर में लगातार चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोरों ने सभी की नाक में दम कर रखा था। इन चोरों ने पिछले माह सीपत के दामोदर ज्वेलर्स व चकरभाठा में सोने व चांदी की दुकान में लाखों की चोरी की थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी रजनेश सिंह ने विशेष टीम का गठन किया था, टीम लगातार जांच कर रही थी। टीम ने चोरी करने वाले गिरोह के 7 सदस्यों को पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सीपत में चोरी करने के बाद रेलवे स्टेशन में रूके थे। वारदात के बाद चोरों ने अपने पूर्व परिचित मनीश सोनी उर्फ सोनू एवं अमित सिंह को बुलाया था। इस दौरान चोरी के सोने चांदी के जेवरात को आपस में बांट लिया और बाकी जेवरातों को मनीष सोनी और राजेन्द्र गुप्ता उर्फ गुड्डा बनिया को बेच दिया। इसके बाद दोनों चार पहिया वाहन से सिंगरौली मध्यप्रदेश चले गए। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी, एक टीम मप्र के सिंगरौली गई थी, यहां आरोपियों को पकड़ा गया, आरोपियों ने ही मनीश सोनी का पता पुलिस को दिया, जिसके बाद जांच आगे बढ़ी। अमित सिंह ने चोरी के आभूषणों को खरीदना स्वीकार कर लिया गया है।

## 500 से अधिक सीसीटीवी की जांच

आईजी संजीव शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने मामले से संबंधित कड़ियों को जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के कई शहरों को छान मारा। 7 दिन तक सिंगरौली, बैढन, सरई, बरगवा, लामादीह, बांधा, उज्जैनी, देवरी, मिर्जापुर, बनारस, जौनपुर उत्तर प्रदेश में कैम्प कर सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल इनपुट व स्थानीय सूचना के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। संदिग्धों की पहचान बाद उनके शरीर के टैटू, गोदना के निशान से पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है।



**यह माल हुआ बरामद** :अन्तर्राज्यीय बसोर गिरोह के 7 सदस्यों के पास से 33 किलो चांदी के जेवर व सिल्ली, 125 ग्राम सोने के जेवर, 4 लाख रूपए नगद, वारदात को अंजाम देने में उपयोग की गई 1 होण्डा सीटी कार, 1 पल्सर बाइक, 6 नग मोबाइल फोन और 52 लाख रुपए बरामद किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि वे जशपुर के तपकरा में ज्वेलरी शॉप की चोरी का प्लान बना चुके थे।

## पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने मध्यप्रदेश के सिंगरौली के आरोपी लालमन उर्फ बड़का पिता स्व. सिद्धू बसोर उम्र 54 साल निवासी बरहवाटोला थाना बरगवा, रामदीन बसोर पिता स्व. हंसलाल बसोर उम्र 56 साल निवासी बाघाडीह हथकौडापारा पीपरजाद, सियाराम बसोर पिता स्व. दादन बसीर उम्र 51 साल निवासी लामीदह सरई थाना सरई,लालजी उर्फ किनका बसोर पिता बसंतलाल बसोर उम्र 35 साल निवासी लामीदह सरई, राजेन्द्र गुप्ता उर्फ गुड्डा बनिया पिता मोचन गुप्ता उम्र 37 साल निवासी गजरा बहरा थाना सरई,मनीश सोनी उर्फ सुशांत उर्फ सोनू पिता नान्हे सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी मेन रोड गनयारी वैढन, अमित सिंह पिता स्व. शिवराज सिंह उम्र 33 साल को गिरफ्तार किया गया है।







## बांग्लादेश की ट्रेनों में दिखी गजब की भीड़, छत पर भरे थे इंसान

ढाका। बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद वहां के हालात पर लोगों की नजरें हैं। बांग्लादेश के बारे में कहा जाता है कि उसने पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक तरक्की की है। लेकिन आंकड़ों के मुकाबले क्या हालात भी यही कहते हैं, यह भी एक सवाल है। बाढ़ हो या भारत में बांग्लादेश से आने वाले लोग, कई स्थितियां ठीक उलट ही हालात दिखाती हैं। इसी सिलसिले में एक ताजा वीडियो नजर आया है जिसमें बांग्लादेश की एक ट्रेन दिखाते हुए उसे दुनिया की सबसे भीड़भाड़ वाली ट्रेन बताया गया है। इस लोगों ने भी जम कर कमेंट किए हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में हाल ही में एक स्टेशन का नजारा दिखाया गया है जिसमें यात्री से भरी एक ट्रेन गुजर रही है और उसकी छत पर भी लोग भरे हुए हैं। यह ट्रेन बांग्लादेश में कहां की है, यह तो साफ नहीं हुआ है। लेकिन लोगों ने इसे बांग्लादेश के आज के हालात और यहां तक भारत और पाकिस्तान तक से तुलना करके जोड़ा है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com